14 नवंबर 2026, शनिवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 09, अंक - 51
Email-santalexpress20@gmail.com
संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकासित

आज का विचार
खिड़की खोलो, गहरी साँस लो,
और खुद से कहो कि मैं तैयार हूँ

बिरसा मुंडा जेल में कैदी से यौनाचार के आरोपों की विभागीय जांच शुरू

जेल आईजी के निर्देश पर जांच अधिकारियों की टीम होटवार जेल पहुंची, कई लोगों से की पूछताछ

•प्राथमिकी में जेल अधीक्षक, वार्ड इंचार्ज और चिकित्साकर्मियों समेत 19 लोगों के नाम

संवाददाता

रांची । रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में एक विचाराधीन कैदी के साथ कथित अप्राकृतिक यौनाचार, मारपीट और जबरन नशीला पदार्थ पिलाने के मामले में जेल प्रशासन ने विभागीय जांच शुरू कर दी है। जेल महानीरिक्षक (आईजी) सुदर्शन मंडल के निर्देश पर शुक्रवार को जांच अधिकारियों की टीम बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंची। टीम ने मामले से जुड़े कई लोगों से पूछताछ की। जांच दल का नेतृत्व निदेशक ज्ञान शंकर जयसवाल कर रहे हैं। इसमें प्रोबेशन अधिकारी चंद्र मौली सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में पीड़ित के पिता की शिकायत पर खेलगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शिकायत में जेल के अंदर बंद कई कैदियों के अलावा जेल प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्राथमिकी में कुल 19 लोगों के नाम और पद का उल्लेख किया गया है। इनमें जेल अधीक्षक, वार्ड इंचार्ज और जेल अस्पताल के चिकित्साकर्मी भी शामिल हैं।

प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता का पुत्र रांची के एक मामले में विचाराधीन बंदी के रूप में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद था। उसे रांची की अदालत ने 12 जून 2026 को बरी कर दिया था। इसके बाद वह घर लौट आया, लेकिन जेल में कथित रूप से हुई



घटनाओं के कारण वह मानसिक रूप से परेशान है।

पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया है कि जेल में रहने के दौरान उनके बेटे के साथ तीन अलग-अलग मौकों पर अप्राकृतिक यौनाचार किया गया। शिकायत के मुताबिक, पहली घटना 12 जून 2026 की रात की है। आरोप है कि जेल के कुछ बंदियों ने युवक को जबरन साड़ी पहनाई और मेकअप कर उसे लड़की के रूप में प्रस्तुत किया। इसके बाद उसे जबरन कोई तरल पदार्थ पिलाया गया, जिससे वह बेहोशी की हालत में चला गया।

आरोप है कि इसके बाद उसे घसीटकर वार्ड संख्या 3-ए में ले जाया गया, जहां कई लोगों ने मिलकर उसके साथ जबरन अप्राकृतिक यौनाचार किया। इस दौरान उसे धमकाने का भी आरोप लगाया गया है।

दूसरी घटना रामनवमी के आसपास की बताई गई है। प्राथमिकी के अनुसार, इस दौरान भी आरोपितों ने युवक को जबरन लड़की के रूप में तैयार किया और नशीला पदार्थ पिलाने के बाद वार्ड संख्या तीन में ले गए। वहां उसके साथ दोबारा अप्राकृतिक यौनाचार किए जाने का आरोप है।

तीसरी घटना सरहुल पर्व के दौरान की बताई गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसी गिरोह के लोगों ने युवक को जबरन घसीटकर वार्ड संख्या चार और पांच के आसपास ले जाकर उसके साथ फिर से अप्राकृतिक यौनाचार किया। हालांकि, प्राथमिकी में इन दोनों घटनाओं की सटीक तारीख का उल्लेख नहीं किया गया है।

पीड़ित के पिता ने जेल प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस विधायक पर अपने आवास में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

भूषण बाड़ा पर पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज

भाजपा ने कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया धुर्वा थाना का घेराव

संवाददाता

रांची । झारखंड के सिमडेगा से कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा पर एक नाबालिग आदिवासी लड़की ने दुष्कर्म, दुर्व्यवहार और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा पर जबरन दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।इस घटना के बाद राजनीतिक गलियारों और सामाजिक क्षेत्रों में हड़कंप मच गया है।पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के मुताबिक, मई 2026 में एमा बड़ा और जोसिमा खाखा नामक महिलाएं उसे पढ़ाई-लिखाई और स्कूल में नामांकन कराने का झांसा देकर सिमडेगा विधायक आवास ले गई थीं।



इसके बाद उसे राँची स्थित विधायक आवास लाया गया, जहां उससे घरेलू काम कराया जाने लगा।पीड़िता का आरोप है कि राँची और सिमडेगा दोनों ही आवासों में उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था। काम में थोड़ी भी देर होने पर उसे बेरहमी से पीटा जाता था, गंदी गालियां दी जाती थीं और भरपेट खाना भी नहीं दिया जाता था।विरोध करने पर यह कहकर डराया जाता था कि उसका आगे-पीछे कोई नहीं है और उसे यहीं सड़ना है।आवेदन में यह भी लिखा गया है कि 5 अगस्त 2026 को जब वह राँची के विधायक आवास संख्या (12) में थी तब दोपहर के समय विधायक भूषण बाड़ा ने उसके साथ जबरदस्ती की और विरोध करने पर मुंह बंद कर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने मुंह खोलने पर जान से मार कर फेंकवाने की धमकी दी। डरी-सहमी पीड़िता किसी तरह अगले दिन सुबह सिमडेगा अपने गांव वापस लौट गई। घर आने के बाद उसे अपनी शारीरिक स्थिति का पता चला और अत्यधिक प्रताड़ना व स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई थी। अनाथ और असहाय होने के बावजूद पीड़िता ने भारी साहस दिखाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उसने पुलिस प्रशासन से पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी विधायक को सख्त से सख्त सजा दिलाने और इस कृत्य में सहयोग करने वाली महिलाओं पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

वांगचुक घर में नजरबंद बाहर पुलिस तैनात

लेह । क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया है। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि उनके घर के बाहर भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात है। पुलिस उन्हें घर से बाहर जाने नहीं दे रही है। दूसरी तरफ लद्दाख पुलिस का कहना है कि यह हाउस अरेस्ट नहीं है। यह चुनाव के दौरान लागू निषेधाज्ञा का पालन है। वांगचुक और लद्दाख के संगठन 4 दिसंबर को होने वाले पहाड़ी परिषद चुनाव को सर्दियों में कराने का विरोध कर रहे हैं। पुलिस ने एक दिन पहले ही वांगचुक को प्रदर्शन स्थल से हटाया था। इसके बाद पुलिस उन्हें उनके घर लेकर गई थी। एक आदेश में उनके लेह आने-जाने पर 60 दिन की रोक लगा दी गई है। वांगचुक ने कहा कि वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के खिलाफ मजिस्ट्रेट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे।

मणिपुर में उग्रवादियों की फायरिंग में 4 की मौत

इंफाल । मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को उग्रवादियों ने दो गाडियों पर गोलीबारी की। इसमें दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना इम्फाल-उखरुल रोड के न्यू हेवन इलाके में हुई। हथियारबंद हमलावरों ने दोनों चार पहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों गाडियों में सफर कर रहे दो पुरुष और दो महिलाएं मौके पर ही मारे गए। वाहनों की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान मिले हैं। यह घटना कांगपोकपी के ताफोउ कुकी गांव और पड़ोसी सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास हुई गोलीबारी के एक दिन बाद हुई है। उस घटना में 42 साल की कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दो पुरुष घायल हुए थे।

झारखंड में लातेहार सबसे ठंडा और चाईबासा सबसे गर्म जिला रहा

रांची । झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान लातेहार सबसे ठंडा, जबकि चाईबासा सबसे गर्म जिला रहा। लातेहार में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटों में रांची सहित कई जिलों के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि कुछ जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई। शुक्रवार को रांची का न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुरुवार को यह 15.5 डिग्री था।

जनजातीय रो़ड़को आर पा़रसीको रेयाक् दस्तावेजीकरण जा़रूड़ गेया : जुएल ओराम

खोबोरिया

नावां दिल्ली। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम दो़य मेन केदा जेजनजातीय रो़ड़को आर पा़रसीको बाँचाव लागित् ओनकोवाक् साहित्य,हो़ड़ सेंरेञ आर हो़ड़ काथाको रेयाक् बेबो़सताक् दस्तावेजीकरण सो़मो़य रेयाक् आडी माराङ खो़ज काना। जुएल ओराम दो़ नोआ काथालुखीवार हिलोक् दिल्ली रेयाक् इंडिया हैबिटेट सेंटर रे जनजातीय कार्य मंत्रालय सेच् खो़न ओरामेन बार माहाकिया़ राष्ट्रीय जनजातीयसाहित्य महोत्सव एतो़होब रेय मेन केदा। दिसामभोर खो़न सेटेरेन जनजातीय साहित्यकारको, खो़न्दरो़दिया़को आर पा़रसीविशेषज्ञकोवाक् हा़जिर रे ओरामेन नोआ मंच रे जनजातीय पा़रसीको,रो़ड़को आर किसां़ड़ मोचातेयाक् परंपराको जोगाव बांचाव लागित्फायलाव तेको गालमारावं गोटा केदा। जुएल ओराम दो़य मेन केदा-'जनजातीय पा़रसीको आर रो़ड़को जोगाव लागित् ओना रेयाक् साहित्य,हो़ड़ सेंरेञको, हो़ड़ काथाको आर मोचातेयाक् थुती परंपराको रेयाक् व्यवस्थित दस्तावेजीकरण जा़रूड़ गेया। नोआ काम्मी रे एकेनसाहित्यकारको गे बाड़, बो़रोड़ गीतकारको, संगीतकारको, लोककलाकारको आर डिजिटल कटेंट क्रिएटर्स हों सेलेत्को होयोक्आ। आयमा जनजातीय पा़रसीको रेयाक् आयाक् लिपि बा़नुक्आ आर आदो़म रो़ड़ दो़ आत् माराक् सेच् रे मेनाक्आ। नोडका रेलिपि ओभाब दो़ दस्तावेजीकरण रे आको़ट बाङ बानाव ओचोवाक् जा़रूड़काना। मेनाक् भारतीय भाषाको दारायते हों नोकोवाक् मोचातेयाक् थुती परंपराको जोगाव दाड़ेयाक्आ। उनी दो़ जनजातीय पा़रसीको रेन ओ़नोलिया़को लागित् खास पुरस्कार एमावाको काथा हों़य मेन केदा।राज्यमंत्री दुर्गादास उइके दो़य मेन केदा जे जनजातीय समाज रेयाक्मोचातेयाक् थुती परंपराको रे हो़ड़ काथाको, हो़ड़ सेंरेञको, वीरगाथाको, मिथक, मेनकाथा, गामकुदुम, धो़रो़मतेयाक् अनुष्ठान आरको़यबिनतीको सेलेत् मेनाक्आ।



काजीरंगा में बड़ा हादसा, 23 लोगों की मौत

ट्रक और यात्रियों से भरी ट्रैवलर की हुई आमने-सामने टक्कर

संवाददाता

गुवाहाटी । असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक भीषण सडक़ हादसा हुआ। यहां एक ट्रक और यात्रियों से भरी ट्रैवलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में 23 लोगों की मौत की हो गई है। हादसा इतना भयानक था कि ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए। कई लोग ट्रैवलर के अंदर फंसे हुए भी बताए जा रहे हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर राहत और बचाव अभियान चलाया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा गोलाघाट जिले में काजीरंगा नेशनल पार्क के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक, रंगाजन इलाके में हाथीकुली चाय बागान के पास नेशनल हाईवे-715 पर ट्रैवलर और कंटेनर ट्रक की



टक्कर हुई। ट्रैवलर बोकाखाट से नगांव की ओर जा रही था। तभी सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। कई यात्री उसके अंदर फंसे हुए थे। बचाव दल ने बस से शवों को बाहर निकाला। शुरुआत में पुलिस को सात लोगों की मौत की जानकारी मिली थी। बाद में पांच और लोगों ने दम तोड़ दिया। अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है।

ज्यादातर यात्री बताए जा रहे छात्र शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ट्रैवलर में सवार ज्यादातर यात्री छात्र थे। हालांकि, पुलिस ने अभी यह साफ नहीं किया है कि हादसे के समय बस में कुल कितने लोग सवार थे। घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, मिनी बस काफी तेज रफ्तार से चल रही थी। काजीरंगा नेशनल पार्क के पास वाहनों की रफ्तार को लेकर नियम भी लागू हैं। शुरुआती जांच में आशंका जताई गई है कि तेज रफ्तार के कारण ट्रैवलर का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई।

सेवा कोई पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है : भागवत



एजेंसी

नई दिल्ली । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि सेवा कोई पेशा या आजीविका कमाने का माध्यम मात्र नहीं है, बल्कि समाज के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। करुणा, संवेदनशीलता और मानवता ही एक स्वस्थ समाज की वास्तविक बुनियाद हैं।

लोगों को बिना किसी स्वार्थ और अपेक्षा के जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। संघ प्रमुख भागवत ने यह बात शुक्रवार को डॉ. संजय पैठणकर को विदर्भ गौरव पुरस्कार प्रदान करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति से हमारा व्यक्तिगत संबंध हो या न हो, यदि वह किसी परेशानी या दुख में है, तब उसकी मदद के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। ऐसा करते समय यह भावना नहीं होनी चाहिए कि हम कोई असाधारण काम कर रहे हैं। दूसरों के दुख को समझना और उस दुख को दूर करने का प्रयास करना ही सच्ची मानवता है।

संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि समाज केवल आर्थिक समृद्धि से मजबूत नहीं बनता, बल्कि उसके अस्तित्व का आधार आपसी संवेदनशीलता और करुणा है। जब तक लोगों में दूसरों के प्रति सहानुभूति और सहयोग की भावना बनी रहेगी, तब तक समाज मजबूत बना रहेगा। संवेदनशीलता समाप्त होने का अर्थ मानवता का कमजोर होना है। पुरस्कारों के महत्व पर उन्होंने कहा कि समाजसेवा करने वाले लोग सम्मान या पुरस्कार पाने की इच्छा से काम नहीं करते। पुरस्कार उनके योगदान को सम्मानित करने और उनके कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए दिए जाते हैं। ऐसे सम्मान समाज के अन्य लोगों को भी अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।

राष्ट्रपति ने 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से किया सम्मानित

एजेंसी

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 प्रदान किए। शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और विदित गुजराती, एथलीट तेजस्विन शंकर तथा बैडमिंटन खिलाड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से अलंकृत किया गया। फुटबॉल खिलाड़ी इसायाह अरुमनायगम को अर्जुन पुरस्कार की लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी में सम्मानित किया गया। वहीं, तीन प्रशिक्षकों को नियमित श्रेणी और दो प्रशिक्षकों को लाइफटाइम श्रेणी में द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किए गए। भारतीय सेना के पैरा खेल केंद्र पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस बार किसी भी खिलाड़ी को देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार नहीं मिला। वर्ष 2014 के बाद यह पहला अवसर है, जब किसी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित नहीं किया गया है।

देशभर में एक समान राष्ट्रीय नीति बने, अनिश्चित-कालीन धरना-प्रदर्शनों पर प्रभावी नियंत्रण हो : कैट

एजेंसी

नई दिल्ली । कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बाजारों में व्यापारिक गतिविधियां और आम लोगों की आवाजाही बाधित करने वाले धरना-प्रदर्शनों को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों से देशभर में एक समान राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की है।

नई दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित कैट की राष्ट्रीय बैठक में 25 राज्यों के व्यापारी नेताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रमुख शहरों और जिला मुख्यालयों के बाहरी क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन के लिए स्थायी स्थल विकसित करने की मांग उठाई। देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं की इस बैठक में व्यापारी नेताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार एवं सभी राज्य सरकारों से पुरजोर मांग की। उन्होंने प्रस्ताव में कहा कि देश के सभी प्रमुख शहरों एवं जिला मुख्यालयों के बाहरी क्षेत्रों में धरने-प्रदर्शन एवं आंदोलन को आयोजित करने के लिए स्थायी और निर्धारित स्थल विकसित किए जाएं, ताकि व्यावसायिक बाजारों, रिहायशी क्षेत्रों तथा आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं और मार्गों पर इनका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बैठक की चर्चा एवं प्रस्ताव की जानकारी देते हुए कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण प्रदर्शन तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। किंतु इन अधिकारों का प्रयोग इस प्रकार नहीं किया जा सकता कि व्यापारिक गतिविधियां ठप हो जाएं, सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध हों, सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो तथा लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हो।

बिहार के महेशपुर घाट से मनिहारी के बीच शुरू हुई फेरी सेवा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज – साहिबगंज से मनिहारी के बीच बंद फेरी सेवा से यात्रियों को परेशानी हो रही थी. लेकिन यात्रियों के लिए राहत की खबर यह है कि गंगा नदी में बिहार के महेशपुर घाट से मनिहारी के बीच फेरी सेवा शुक्रवार से शुरू हो गई है. यात्री फेरी सेवा का शुभारंभ साहिबगंज के जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया. फिलहाल यह सेवा साहिबगंज जिले के कारगिल से सटे बिहार के महेशपुर घाट से शुरू हुई है. बिहार टू बिहार चलने वाले यात्री फेरी सेवा में बिहार के महेशपुर से मनिहारी तक की दूरी लोग तय कर सकेंगे.



देश की आधी आबादी अविवाहित, बिहार-यूपी सबसे पीछे

एजेंसी

नई दिल्ली । देश में शादी की उम्र बढ़ रही है और अविवाहित आबादी का आंकड़ा आधे से ज्यादा पहुंच गया है। बिहार, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश ऐसे राज्य हैं, जहां अविवाहित लोगों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में महिलाएं सबसे अधिक उम्र में शादी कर रही हैं। इसके उलट पश्चिम बंगाल और झारखंड में कम उम्र में विवाह की समस्या अब भी



बनी हुई है।

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के वर्ष 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, देश की कुल आबादी में 50.5 प्रतिशत लोग अविवाहित हैं, जबकि 45.9 प्रतिशत विवाहित हैं। शेष 3.6 प्रतिशत आबादी विधवा-विधुर, तलाकशुदा या अलग रह रही है। यानी देश में हर दो में से एक व्यक्ति अभी विवाह के बंधन में नहीं बंधा है।

बिहार में सबसे ज्यादा अविवाहित राज्यों के आंकड़ों पर नजर डालें तो बिहार 58.3 प्रतिशत अविवाहित आबादी के साथ पहले स्थान पर है। जम्मू-कश्मीर में 57.5 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 55.8 प्रतिशत लोग अविवाहित हैं। इसके विपरीत तमिलनाडु में अविवाहित आबादी का प्रतिशत सबसे कम 41.3 दर्ज किया गया। यह आंकड़े राज्यों के सामाजिक और जनसांख्यिकीय अंतर को भी सामने रखते हैं।

महिलाओं की शादी की औसत उम्र के मामले में जम्मू-कश्मीर सबसे आगे है।





होटवार जेल में बंदी से यौन हिंसा का मामला

बाबूलाल ने आईजी को हटाने और सीबीआई जांच की मांग की

संताल एक्सप्रेस



रांची। होटवार जेल में 20 वर्षीय विचाराधीन बंदी के साथ कथित सामूहिक यौन हिंसा का मामला सामने आया है।नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले में जेल आईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल को पद से हटाकर निलंबित करने की मांग की है। मरांडी ने आरोप लगाया कि युवक के साथ तीन अलग-अलग अवसरों पर सामूहिक यौन हिंसा की गई।उसे जबरन नशीला पदार्थ पिलाया गया और शारीरिक प्रताड़ना दी गई।उन्होंने शिकायत फाड़ने, रक्तस्राव के बावजूद इलाज नहीं कराने और रिहाई के समय चिकित्सकीय जांच नहीं कराने के आरोपों का भी जिक्र किया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर 12 नवंबर को खेलगांव थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मरांडी ने मई 2026 में इसी जेल की एक महिला बंदी से जुड़े कथित यौन शोषण के मामले का भी उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि उस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने जेल आईजी की जांच रिपोर्ट और राज्य की जांच व्यवस्था पर असंतोष जताया था। ऐसे में मौजूदा मामले की जांच भी राज्य की एजेंसियों के बजाय सीबीआई से कराई जानी चाहिए।उन्होंने मौजूदा प्रकरण और जेल की पूर्ववर्ती गंभीर घटनाओं की सीबीआई जांच कराने की मांग की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने, आरोपित कैदियों को दूसरी जेल में स्थानांतरित करने और पीड़ित व गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।उन्होंने जेल के सीसीटीवी फुटेज, ड्यूटी रजिस्टर और चिकित्सा अभिलेख सुरक्षित रखने की भी मांग की है।

उलिहातू से भाजपा की पदयात्रा शुरू, 15 नवंबर को कोकर में बिरसा मुंडा को देंगे श्रद्धांजलि

वंशज सुखराम मुंडा ने पारंपरिक झंडा दिखाकर किया पदयात्रा का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस



खूंटी । धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शुक्रवार को झारखंड प्रदेश भाजपा की ओर से उनकी जन्मस्थली उलिहातू स्थित बिरसा ओड़ा से पदयात्रा शुरू की गई। पदयात्रा दोपहर 1ः35 बजे रूगड़ी पहुंची। सोयको में जलपान के बाद यात्रा खूंटी पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। 14 नवंबर को खूंटी से रवाना होकर पदयात्रा रांची पहुंचेगी। इसके बाद 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कोकर स्थित उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।पदयात्रा का उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ जनजातीय समाज के योगदान को सम्मान देना है। इसके माध्यम से केंद्र सरकार की ओर से जनजातीय समाज के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। भाजपा 11 से 18 नवंबर तक देश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है।पदयात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा मुंडा, गीता कोड़ा, रविंद्र बड़ाईक, गंगोत्री कुजूर, रामकुमार पाहन, समीर उरांव, आरती कुजूर, पवन साय सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

अर्जुन मुंडा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

पदयात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सदन में देश के भविष्य और प्राथमिकताओं पर सार्थक चर्चा करने के बजाय अनर्गल बयानबाजी करती है। सत्ता से दूर होने की निराशा उसके नेताओं के बयानों में झलकती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी बात गरिमापूर्ण तरीके से रखनी चाहिए, लेकिन गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी से जनता के बीच उसकी विश्वसनीयता कम हो रही है।

भाजपा ने शहीदों को दिया राष्ट्रीय सम्मान : नीलकंठ

पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस और उसकी सहयोगी सरकारों ने झारखंड के वीर शहीदों को उचित सम्मान नहीं दिया। भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी और गया मुंडा जैसे वीरों ने जल, जंगल, जमीन और आजादी के लिए संघर्ष किया, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर वह पहचान नहीं मिली जिसके वे हकदार थे।उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद जनजातीय महापुरुषों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की पहल हुई।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पदयात्रा के माध्यम से देशभर में जनजातीय वीरों के संघर्ष और बलिदान को याद किया जा रहा है।

झारखंड चेंबर ट्रांसपोर्ट नगर जल्द शुरू करने को लेकर मिलेगा परिवहन मंत्री से

रांची। ट्रांसपोर्ट नगर के संचालन में हो रही देरी और बस परमिट से जुड़ी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को रांची स्थित चेंबर भवन में पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई।बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर को अविलंब शुरू करने, बस परमिट नवीनीकरण की प्रक्रिया सरल बनाने और व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच में राहत देने की मांग की गई।इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर की परिकल्पना तभी सफल होगी, जब इसका संचालन परिवहन व्यवसायियों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप हो।उन्होंने नगर विकास विभाग के सचिव से वर्तमान निर्माण की स्थिति में ही परिसर ट्रांसपोर्टरों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया। साथ ही भारी वाहनों की पार्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग और वेयरहाउसिंग के लिए आवश्यक संशोधनों की अनुमति देने का सुझाव दिया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष विकास विजयवर्गीय ने राज्य सरकार से संबंधित विभागों और हितधारकों की बैठक बुलाकर ट्रांसपोर्ट नगर की सुपुर्दगी और संचालन जल्द सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे शहर में यातायात का दबाव घटेगा और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।तुलसी पटेल ने कहा कि छठ पूजा के बाद प्रतिनिधिमंडल परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा से मिलकर इन समस्याओं के समाधान की मांग करेगा। बैठक में बस परमिट नवीनीकरण, नई उच्चतर मॉडल की बसों के प्रतिस्थापन और राज्य में पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों को किसी भी जिले में फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त करने की सुविधा देने पर भी चर्चा हुई।बैठक में महासचिव रोहित अग्रवाल, प्रवक्ता विनीता सिंघानिया सहितचेंबर के कई सदस्य पदाधिकारी मौजूद थे।

बंद आउटसोर्सिंग कंपनी की खदान में गिरने से 27 वर्षीय महिला की मौत

धनबाद । केंदुआडीह थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर चार नंबर खटाल के समीप शुक्रवार को हुए एक हादसे में 27 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बासुदेवपुर निवासी सूरज यादव की पत्नी काजल देवी के रूप में हुई है। हादसे के बाद खटाल में मातम पसरा हुआ है।पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे काजल देवी घर से शौच के लिए पुराने खटाल की ओर गई थीं। इसी दौरान पत्थर पर उनका पैर फिसल गया और वह सिजुआ एरिया की बंद पड़ी आउटसोर्सिंग कंपनी की खदान में नीचे जा गिरीं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद काजल को मृत घोषित कर दिया।काजल के पति सूरज यादव ने बताया कि उनकी पत्नी शौच के लिए गई थीं। इसी दौरान पैर फिसलने से वह खदान में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतका के मायके वालों को भी दे दी गई है।

इ्यूटी के दौरान बिगड़ी थी बीसीसीएल कर्मी की तबीयत, इलाज के दौरान मौत

धनबाद। बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के एएमपी कोलियरी अंतर्गत मुराईडीह वर्कशॉप में कार्यरत ईपी फिटर लखीराम महतो (58) का गुरुवार देर रात रांची के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे खोदोवली बहालडीह बस्ती के निवासी थे।जानकारी के अनुसार, 11 नवंबर को ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी।परिजनों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के क्रम में उन्होंने अंतिम सांस ली।

कांग्रेस विधायक की नाबालिग से दुष्कर्म मामले में हो अविलंब गिरफ्तारी : संजय सेठ



रांची। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने नाबालिग के साथ कथित दुष्कर्म, मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। विधायक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के बाद संजय सेठ ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई करने की मांग की।उन्होंने कहा कि नाबालिग के साथ इस तरह की गंभीर घटना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। मामले में एक जनप्रतिनिधि का नाम सामने आना लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक विश्वास को झकझोरने वाला है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या झारखंड में आदिवासी बेटियों की सुरक्षा की गारंटी नहीं है और क्या सत्ता में बैठे लोगों के लिए कानून के अलग मापदंड हैं। सेठ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है।आदिवासी बेटियों की सुरक्षा और पीड़िता को न्याय दिलाना सरकार का नैतिक दायित्व है। सत्ता का संरक्षण किसी आरोपित को कानून से बचा नहीं सकता। संजय सेठ ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, आरोपित विधायक की तत्काल

कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा की जल्द हो गिरफ्तारी : आदित्य साहू



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। विधायक पर 14 वर्षीय आदिवासी बच्ची के यौन शोषण, दुष्कर्म और गर्भपात कराने के गंभीर आरोप लगे हैं। साहू ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पीड़िता और उसके परिवार को तत्काल सुरक्षा देने की भी मांग की।उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि पर ऐसे गंभीर आरोप लगना झारखंड को शर्मसार करने वाला है। बच्ची को पढ़ाने-लिखाने और भविष्य संवारने का भरोसा देकर विधायक ने अपने आवास पर बुलाया। पीड़िता ने विधायक के परिजनों पर मारपीट और प्रताड़ित करने के आरोप भी लगाए हैं। साहू ने मामले की निष्पक्ष जांच और सभी आरोपितों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।साहू ने राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए पूछा कि पार्टी अपने विधायक के खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो से भी स्पष्ट करने को कहा कि गठबंधन सरकार आरोपित विधायक को बचाएगी या पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष कार्रवाई करेगी।उन्होंने चेतावनी दी कि आरोपित विधायक की गिरफ्तारी और पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई, तो भाजपा सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। जरूरत पड़ने पर राज्यव्यापी आंदोलन भी किया जाएगा। विधायक भूषण बाड़ा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।गिरफ्तारी और जांच में किसी भी तरह के राजनीतिक हस्तक्षेप पर रोक लगाने की मांग की।उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ पॉक्सो एक्ट के तहत त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की बात कही।

एसवीयू में छठ पर्व का आयोजन



रांची । सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची में आस्था, श्रद्धा और उल्लास के महापर्व छठ पूजा का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का सुंदर अवसर प्राप्त हुआ।नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से समारोह में विशेष आकर्षण जोड़ा। ओ.एन.जी. सी. सीबीएम एसेट बोकारो द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत गोमिया प्रखंड के विभिन्न नदी एवं तालाबों की सफ़ाई अभियान चलाया गया।इस अभियान के तहत गोमिया बस्ती, बिरसा ग्राम व खजुरिया, सहित संचालित किया गया।

पूर्व रेलवे

ई-ठिका खोबोर संख्याः ओ/एसी/टी/166-167/26-27 (खुला), माहित 12.11.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिका (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम सं. 1, केस संख्याः** ओ-एसी-टी-166-26-27, **कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल तारी रे एईएन/II/आसनसोल रेयाक् कामीटोठा रे बराकर स्टेशन यार्ड रे अप रिसेप्शन लाइन (लाइन नं.-16) लाटूय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 3,64,85,771.61, **बायना पायसाः** रु. 7,29,700/-, **क्रम सं. 2, केस संख्याः** ओ-एसी-टी-167-26-27, **कामी रेयाक् जुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल तारी रे एईएन/मुख्यालय/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा रे आसनसोल रे इलेक्ट्रिक ट्रेनिंग सेंटर रेयाक् हॉस्टल मोरामुतीय, जेलजोतोन आर नावांआरोय सांवते नावां बेनावाकान क्लासरूम नावांआरोय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 2,28,08,923.87, **बायना पायसाः** रु. 4,56,200/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो (क्रम सं. 1 आर 2 मिमित् लागित्)। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 09.12.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-317/2026-27

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे होंबेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

झारखंड की जेलों में 85 कैदी मना रहे हैं छठ पर्व

रांची। राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जेलों में 85 कैदी लोक आस्था के महापर्व छठ मना रहे हैं। इनमें 36 महिला और 49 पुरुष बंदी शामिल हैं। जेल परिसर के भीतर ही पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना की जा रही है।झारखंड के जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने शुक्रवार को बताया कि बंदियों की धार्मिक आस्था और भावनाओं का सम्मान करते हुए जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। जेलों के अंदर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, रोशनी और कृत्रिम पूजा स्थल तैयार किए गए हैं। इसके साथ व्रती बंदियों को प्रशासन की ओर से पूजन सामग्री, फल, नैवेद्य और नए वस्त्र भी उपलब्ध कराए गए हैं।

झारखंड में 12,500 किलोमीटर जीएसबी सड़कों के निर्माण का लक्ष्य तय : दीपिका

संताल एक्सप्रेस



रांची । झारखंड में ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की पहल पर राज्य के ग्रामीण इलाकों में सड़क कनेक्टिविटी मजबूत करने की दिशा में कदम उठाया गया है। विकसित भारत जी राम जी (वीबी जी राम जी) योजना के तहत राज्य में 12,500 किलोमीटर जीएसबी (ग्रेन्युलर सब-बेस) सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।विभाग के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य में उन ग्रामीण बसावटों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो अब तक मुख्य सड़क मार्ग से नहीं जुड़ी हैं अथवा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत नहीं हैं।विभाग की ओर से बताया गया कि राज्य के सभी 24 जिलों में सड़क निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। पूर्वी सिंहभूम में सर्वाधिक 1,400 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। इसके अलावा पलामू में 1,100, गढ़वा में 1,000, चतरा में 850 और लातेहार में 800 किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य है। पश्चिमी सिंहभूम में 750, जबकि हजारीबाग में 700 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। बोकारो और गोड्डा में 600-600 किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि ग्रामीण सड़कों का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। इससे किसानों को कृषि उपज, सब्जियां, फल और लघु वनोपज बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत होगी। साथ ही परिवहन लागत और आवागमन का समय कम होगा तथा रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ेंगे।उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण इस तरह किया जाए कि वे टिकाऊ हों और ग्रामीणों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके।

चालक की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रांची। रांची के तुपुदाना इलाके से शराब से भरा ट्रक लेकर गायब हुए चालक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है।हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से भारी मात्रा में अवैध शराब, हथियार और गाड़ियां बरामद की हैं।बरही के डीएसपी राधा प्रेम किशोर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 नवंबर को हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक चालक की हत्या में शामिल अपराधी चौपारण-ईटखोरी मुख्य सड़क पर महाराजगंज के पास हथियार के साथ घूम रहे हैं।सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस और राँची की तुपुदाना पुलिस ने मिलकर एक विशेष टीम बनाई और महाराजगंज के पास वाहनों की जांच शुरू की।

रांची जिला छठ पूजा समिति ने किया पूजन सामग्री का वितरण



रांची । किशोरगंज के एलपी पब्लिक स्कूल में रांची जिला छठ पूजा समिति ने 1,100 छठव्रती माताओं एवं बहनों के बीच छठ पूजा की पवित्र पूर्ण पूजन सामग्री का वितरण किया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य सभा सांसद महुआ मांझी, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज, रमेश सिंह, कुमार राजा, चिकू सिंह और सूरजभान सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

झारखंड में शराब लूट और हत्या का खुलासा 80 लाख की शराब सहित दो गिरफ्तार

रांची । झारखंड के हजारीबाग जिले में पुलिस ने करीब 80 लाख मूल्य की अंग्रेजी शराब से लदे एक ट्रक की लूट और उसके चालक की निर्मम हत्या के सनसनीखेज मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस वारदात के सिलसिले में पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी निशानदेही पर लूटी गई 726 पेटी अंग्रेजी शराब, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल हुए तीन वाहन बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, मामला रांची के तुपुदाना से करीब 80 लाख रुपये की अंग्रेजी शराब लेकर निकले एक ट्रक और उसके चालक के अचानक लापता होने से जुड़ा था। पांच नवंबर को दैहर गांव में एक कुएं से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान बाद में लापता ट्रक चालक नागेंद्र सिंह के रूप में हुई।जांच के दौरान, 11 नवंबर को हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को सूचना मिली कि चालक की हत्या और शराब लूटकांड में शामिल अपराधी अवैध हथियारों के साथ चौपारण-इटखोरी मुख्य मार्ग पर घूम रहे हैं। इस महत्वपूर्ण जानकारी के बाद बरही के एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में चौपारण और तुपुदाना पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित की गई।

विधायक भूषण बाड़ा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा ने थाना का किया घेराव

संताल एक्सप्रेस



रांची। गुमला के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा पर एक नाबालिग आदिवासी बच्ची द्वारा लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोपों के विरोध में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी, रांची महानगर जिला के तत्वावधान में धुर्वा थाना का घेराव किया गया। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर पीड़िता को न्याय दिलाने और आरोपी विधायक की अविलंब गिर तारी की मांग को लेकर जोरदार आवाज बुलंद की।इस अवसर पर भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि एक नाबालिग आदिवासी बच्ची द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप पूरे समाज को झकझोरने वाले हैं। यह मामला केवल एक बच्ची के साथ कथित अपराध का नहीं, बल्कि समाज में बेटियों की सुरक्षा, स मान और न्याय व्यवस्था पर विश्वास का भी सवाल है। जब आरोप एक जनप्रतिनिधि पर लगे हों, तो पुलिस प्रशासन की जि मेदारी और भी बढ़ जाती है। कानून सबके लिए समान है। किसी का राजनीतिक पद, प्रभाव या रसूख कानून की कार्रवाई में बाधा नहीं बनना चाहिए। पीड़िता और उसके परिवार को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए तथा किसी भी प्रकार के दबाव या साक्ष्य प्रभावित करने की कोशिश पर तत्काल कार्रवाई हो।भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि एक नाबालिग बच्ची के साथ यौन शोषण के लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर और संवेदनशील हैं। महिला सुरक्षा की बात करने वाली व्यवस्था को यह सुनिश्चित करना होगा कि पीड़िता को न्याय मिले, न कि उसे न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि बेटियों की अस्मिता और सुरक्षा किसी राजनीतिक दल की सीमा में बंधा विषय नहीं है। यह पूरे समाज की सामूहिक जि मेदारी है। दोषियों को किसी भी परिस्थिति में ब शा नहीं जाना चाहिए। पुलिस प्रशासन बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष जांच करे और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे। भाजपा महिला मोर्चा पीड़िता को न्याय दिलाने की आवाज मजबूती से उठाता रहेगा।प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई हो, पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाए, उसे सुरक्षा एवं उचित सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा आरोपों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो। घेराव कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुबोध सिंह गुड्डू, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, उमेश यादव, राजू सिंह, संकेत तिवारी, बीना मिश्रा, अनीता वर्मा, इंद्रजीत यादव, दिव्या साहू, शंकर दुबे, गीता गुप्ता, उमेश तिवारी, अशोक मुंडा, निर्मल मुंडा, पवन पासवान, कृष्णा मिश्रा, कामेश्वर सिंह, रणधीर सिंह, सतीश यादव,प्रवीण दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

धनबाद में छठ घाट का निरीक्षण मेयर ने किया

धनबाद। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर कतरी नदी छठ घाट की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को धनबाद के मेयर संजीव कुमार सिंह बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो धनबाद के ग्रामीण एसपी मो. याकूब ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।वहीं, नगर निगम के मजदूरों के मानदेय और कार्य अवधि से जुड़े सवाल पर मेयर ने कहा कि यदि मजदूरों से आठ घंटे से अधिक काम लिया जा रहा है, तो उन्हें नियमानुसार उचित ओवरटाइम मजदूरी मिलनी चाहिए।बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि 8 दिनों से छठ समिति और मैं लगातार निरीक्षण कर रहा हूं इस कतरी नदी छठ घाट में हजारों श्रद्धालु पूजा देने आते हैं इस छठ घाट में काफी गंदगी था लेकिन कमेटी वालों ने मुझे सूचित किया और मैं लगातार 8 दिनों से साफ सफाई में लगा हूं आज छठ घाट साफ होकर तैयार हो गया है।मौके पर डिप्टी मेयर अरुण कुमार चौहान, वार्ड संख्या चार के पार्षद राममूर्ति सिंह, वार्ड संख्या पांच की पार्षद निरुपमा देवी, वार्ड-तीन के पार्षद प्रतिनिधि, पूजा कमेटी के सदस्य भरत शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

गैस एजेंसी में काम के दौरान कर्मचारी की मौत, मुआवजे की मांग पर परिजनों ने जड़ा ताला

धनबाद । कर्मचारी ने जिस गैस एजेंसी में 19 साल तक पसीना बहाकर अपने परिवार का पेट पाला, उसी एजेंसी में काम के दौरान उसकी मौत हो गई। लेकिन मौत के बाद मुआवजे को लेकर ऐसा विवाद खड़ा हो गया। मामला जिले के विनोद गैस एजेंसी का है, जहां 45 वर्षीय इकराम उर्फ मल्लू अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने एजेंसी पहुंचकर ताला जड़ दिया और जमकर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि शुरुआत में मुआवजे का आश्वासन दिया गया, लेकिन बाद में एजेंसी प्रबंधन अपने वादे से मुकर गई। अब पीडित परिजनों का कहना है कि जब तक उचित मुआवजा नहीं मिलता, तब तक एजेंसी का ताला नहीं खुलेगा।झरिया के लोदना मोड़ स्थित विनोद गैस एजेंसी में बुधवार को गैस सिलेंडर उठाने के दौरान अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा। इसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का कहना है कि मल्लू अंसारी ही परिवार के भरण-पोषण का मुख्य सहारा थे। वे अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं।

बोलेरो की टक्कर से बच्ची की मौत

पलामू । जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव स्थित चढ़नवां मोड़ के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। गढ़वा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने घर के बाहर खेल रही बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी और घटनास्थल से फरार हो गई। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। मृत बच्ची की पहचान बरांव निवासी धीरेंद्र चंद्रवंशी की चार वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर साक्षी घर में खाना खाने के बाद बाहर खेल रही थी। इसी दौरान गढ़वा की ओर से आ रही बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर डालटनगंज की ओर फरार हो गया। परिजनों के अनुसार, वे वाहन का नंबर नहीं देख सके।बताया जाता है कि मृत बच्ची के पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। साक्षी दो बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। बच्ची की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।इधर, थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि परिजनों ने चैनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर बच्ची की कम उम्र का हवाला देते हुए पोस्टमार्टम नहीं कराने का अनुरोध किया है।

एचईसी को दिवालिया घोषित करने के फैसले के खिलाफ कामगारों का प्रदर्शन



रांची। एचईसी को दिवालिया घोषित किए जाने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को कामगारों ने एचईसी मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे श्रमिकों ने केंद्र सरकार और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फैसले का विरोध किया। प्रदर्शन का नेतृत्व इंटक नेता लीलाधर सिंह ने किया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए लीलाधर सिंह ने कहा कि महज छह करोड़ रुपये के ब्याज सहित बकाये के आधार पर एचईसी को दिवालिया घोषित करना गलत है। उन्होंने बताया कि इस फैसले के खिलाफ एचईसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक केएस मूर्ति उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। उन्होंने न्यायालय से राहत मिलने की उम्मीद जताई।इसी दौरान एचईसी के प्रशासक एस. गोपाल कृष्णन मुख्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेरकर अपनी मांगें रखीं। कामगारों के दबाव के बाद प्रशासक ने 15 दिनों के अग्रिम भुगतान का प्रस्ताव दिया, लेकिन श्रमिक नेताओं ने इसे खारिज कर दिया और अपना विरोध जताया।हटिया मजदूर यूनियन के महामंत्री हरेन्द्र सिंह ने कामगारों से शनिवार को दोपहर एक बजे पुनः एचईसी मुख्यालय के समक्ष जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बैठक में आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी।सभा की अध्यक्षता राम कुमार नायक ने की। प्रदर्शन में विमल कुमार, प्रकाश कुमार, मुखर्जी, गिरीश कुमार चौहान, हरेन्द्र सिंह और भवन सिंह सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कामगार मौजूद थे।

छठ पर गहरे जलाशयों में तैनात रहेंगे गोताखोर

जामताड़ा। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जामताड़ा जिला प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं की व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में कुल 45 छठ घाट चिह्नित किए गए हैं। उपायुक्त आलोक कुमार ने संबंधित अधिकारियों और नगर निकायों को सभी घाटों पर स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, पेयजल और पहुंच मार्ग दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है।श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गहरे जलाशयों में बांस-रस्सी से घेराबंदी, चेतावनी बोर्ड और लाल झंडे लगाए जाएंगे। संवेदनशील घाटों पर गोताखोरों के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती होगी। व्रतियों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम, पानी के टैंकर और उद्घोषणा प्रणाली भी उपलब्ध रहेगी।वहीं, राज्य स्थापना दिवस पर रन फॉर स्वच्छ और विकसित झारखंड के तहत छठ घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

मतदाता जागरूकता को लेकर निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



गोड्डा। जिले में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने और युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के निर्देश पर पोड़ैयाहाट, गोड्डा एवं महागामा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के मतदाता साक्षरता क्लब के नामित सदस्यों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वाह्न 11ः30 बजे संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की अध्यक्षता में किया गया। पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के लिए न्यू समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार, गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के लिए डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा महागामा विधानसभा क्षेत्र के लिए जय नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय को केंद्र बनाया गया था।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव ने डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गोड्डा पहुंचकर प्रतियोगिता के आयोजन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रतिभागियों की उपस्थिति, प्रतियोगिता के संचालन और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों एवं युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता अधिकारों एवं कर्तव्यों से संबंधित विषयों पर अपनी जानकारी और विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सहभागी निर्वाचन के महत्व को समझाना है।जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कानगोई में अपराधियों का धावा, गहने लूटने का विरोध करने पर चाकू से घायल

मिहिजाम। थाना क्षेत्र में अपराधियों के बढ़ते मनोबल से लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। गुरुवार की रात कानगोई स्थित पोल्ट्री फार्म के पास एक घर में करीब एक दर्जन नकाबपोश बताये जा रहे अज्ञात हमलावरों ने धावा बोल दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर लूटपाट की कोशिश की। इस दौरान विरोध करने पर गृहस्वामी शिव कुमार पासी के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, रात करीब 10 बजे अचानक हमलावर शिव कुमार पासी के घर में दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण निकालने का दबाव बनाया। बदमाशों ने उनकी मां के हाथों में पहने गहने भी उतारने को कहा। इस मनमानी का शिव कुमार ने विरोध किया तो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। चाकू के वार से उनके हाथ में गंभीर चोट आई।घायल को तत्काल मिहिजाम के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है।थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। फिलहाल पीड़ित परिवार की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है। आवेदन मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना के पीछे आपसी रंजिश समेत अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

दिनदहाड़े डंपरों से कोयला गायब

जामताड़ा। कोयला परिवहन की आड़ में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का कथित खेल जामताड़ा में धड़ल्ले से चलने की शिकायत सामने आई है। जामताड़ा थाना क्षेत्र के उदलबनी गांव में कोयला लदे डंपरों से दिनदहाड़े कोयला उतारकर उसकी जगह पत्थर भरने का आरोप लगा है। इस घटना ने परिवहन व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।जानकारी के अनुसार, ईसीएल क्षेत्र से जामताड़ा रेलवे साइडिंग तक प्रतिदिन 250 से अधिक डंपर और हाइवा कोयला पहुंचाते हैं। आरोप है कि रास्ते में ही कोयले की हेराफेरी कर वजन संबंधी गड़बड़ी छिपाई जाती है।सवाल है कि इतनी बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही के बावजूद निगरानी तंत्र क्या कर रहा है। जीपीएस और वजन जांच की व्यवस्था कितनी प्रभावी है। अब प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है।

नहाय-खाय से शुरू हुआ सूर्य उपासना का महापर्व



जामताड़ा। लोक आस्था और सूर्य आराधना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ जिलेभर में श्रद्धापूर्वक आरंभ हो गया। पर्व की शुरुआत होते ही जामताड़ा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में छठी मैया के पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। घरों में साफ-सफाई, पूजा सामग्री जुटाने और प्रसाद की तैयारियों का सिलसिला तेज हो गया है।महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना का अनुष्ठान होगा। इसके बाद व्रती लगभग 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखकर कठिन साधना करेंगे। रविवार की संध्या नदी, तालाब और विभिन्न छठ घाटों पर अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं सोमवार की सुबह उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ इस पावन पर्व का समापन होगा।छठ की खासियत यह है कि इसमें आडंबर के बजाय शुद्धता, नियम और आत्मसंयम को प्राथमिकता दी जाती है। भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना के जरिए श्रद्धालु परिवार की सुख-शांति, संतान की लंबी उम्र और समृद्धि की कामना करते हैं।यह पर्व सामाजिक एकजुटता और प्रकृति के सम्मान का भी संदेश देता है। इसमें जाति-वर्ग और अमीरी-गरीबी का भेद मिट जाता है। सूर्य, जल और पर्यावरण के प्रति आभार प्रकट करने वाली यह परंपरा लोक संस्कृति की अनूठी पहचान बन चुकी है।

ढेंकीपाड़ा में बायो मेडिकल एजेंसी का विधानसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



मिहिजाम। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गरीबों और वंचितों के हितों को प्राथमिकता देने वाली सरकार काम कर रही है। यह गरीब-गुरुबों की सरकार है, जिस पर प्रदेश की जनता का भरोसा कायम है। सरकार की विकास योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है। उक्त बातें झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को मिहिजाम के ग्रामीण क्षेत्र ढेंकीपाड़ा में कहीं।वे यहां नवनिर्मित बायो मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने विधिवत फीता काटकर एजेंसी का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में आवश्यक सेवाओं और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का विस्तार होना क्षेत्र के विकास की दिशा में सकारात्मक कदम है। ढेंकीपाड़ा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बायो मेडिकल एजेंसी की शुरुआत से स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि इस तरह की पहल से ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय स्तर पर लोगों को लाभ मिलेगा।कार्यक्रम में झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय कमेटी सदस्य प्रोफेसर कैलाश प्रसाद साव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सगीर खान, सफीक अंसारी, हाशिन अख्तर, इरफान अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा की तैयारियों की उपायुक्त ने की समीक्षा

संताल एक्सप्रेस



गोड्डा। झारखंड राज्य स्थापना दिवस 2026 एवं स्थापना दिवस पखवाड़ा के सफल आयोजन को लेकर जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों, विभागीय समन्वय और जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने बताया कि 15 नवंबर को सुबह 7 बजे जिले में 'रन फॉर क्लीनलिनेस' का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए छठ घाट पहुंचेगी, जहां सुबह 8 बजे स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम का समापन होगा। इसी तरह सभी नगर निकायों, प्रखंडों एवं अंचलों में भी स्वच्छता दौड़ आयोजित की जाएगी।स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत 17 से 24 नवंबर तक पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर खेलकूद, नाटक, नृत्य-संगीत, निबंध लेखन सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें चयनित प्रतिभागी 26 एवं 27 नवंबर को रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहीं, 28 नवंबर को विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।बैठक में 26 से 28 नवंबर तक रांची के खेलगांव में आयोजित होने वाले मेला-सह-प्रदर्शनी में गोड्डा जिले की भागीदारी पर भी चर्चा हुई। इसके तहत जिले के विशिष्ट उत्पादों एवं पर्यटन स्थलों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित करने की योजना बनाई गई।उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि स्थापना दिवस पखवाड़ा के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

बैठक में उप विकास आयुक्त विस्पुते श्री कांत यशवंत, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, अपर समाहर्ता इंदल कुमार, जिला नजारत सह उपसमाहर्ता ओम प्रकाश यादव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य कर्मियों और उनके परिवारों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी : इरफान अंसारी



जामताड़ा । झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के करीब 15 हजार अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ने की पहल की है। इससे स्वास्थ्य कर्मियों और उनके परिवारों को चिकित्सा संबंधी खर्चों में आर्थिक सुरक्षा मिलने की उम्मीद है। मंत्री ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मी पिछले 20 वर्षों से स्वास्थ्य बीमा और मेडिक्लेम की सुविधा की मांग कर रहे थे। मरीजों की सेवा और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में लगातार योगदान देने के बावजूद उन्हें और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस पहल को कर्मियों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, ओटी टेक्नीशियन, सुरक्षा और सफाई कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वास्थ्य कर्मियों की पीड़ा सरकार की पीड़ा है। मरीजों की सेवा करने वाले कर्मियों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार उनके अभिभावक के रूप में हमेशा उनके साथ खड़ी है।मंत्री ने कहा कि इस पहल से जामताड़ा सदर अस्पताल सहित राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत पात्र कर्मियों को लाभ मिलेगा।इस पहल पर स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा की सुविधा लगभग 15 हजार अनुबंधित कर्मियों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

लीलातरी-खैरबनी में क्रिकेट का रोमांच, कहलगांव बना विजेता



बोआरीजोर। प्रखंड अंतर्गत लीलातरी-खैरबनी स्थित ऐतिहासिक मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों की टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के आयोजन से पूरे क्षेत्र में खेल का माहौल बना रहा। वहीं, खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय ग्रामीण मैदान में पहुंचे। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों में टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। हर मैच में खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। स्थानीय युवाओं में इस खेल प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक मुकाबला फाइनल में कहलगांव और नंदलालपुर की टीमों के बीच खेला गया।

बेथेल मिशन ने स्पार्टन एकेडमी को 8 विकेट से हराया

संताल एक्सप्रेस



गोड्डा। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित रितेश मेमोरियल अंडर-16 क्रिकेट लीग के सुपर थ्री मुकाबले में बेथेल मिशन स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पार्टन क्रिकेट एकेडमी, महागामा को 8 विकेट से पराजित कर दिया। इस जीत के साथ बेथेल मिशन ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पार्टन क्रिकेट एकेडमी की टीम 22.3 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से कप्तान हरिओम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 91 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं बेथेल मिशन की ओर से अर्जुन मंडल ने 3 विकेट हासिल किए।160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेथेल मिशन की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए महज 21.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 162 रन बना लिए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अर्जुन कुमार ने 46 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से नाबाद 54 रन बनाए, जबकि तनिश ने 37 रनों का योगदान दिया।बेथेल मिशन की जीत के असली नायक अर्जुन कुमार रहे। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया। अर्जुन ने 6 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट झटके।

उनके इस शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। संघ के सदस्य सरोज कुमार ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किया।सुपर थ्री के मुकाबलों के बाद स्पार्टन क्रिकेट एकेडमी महागामा, बेथेल मिशन और मधुस्थली पब्लिक स्कूल की टीमों ने एक-एक जीत के साथ बराबर अंक हासिल किए। बेहतर रन रेट के आधार पर स्पार्टन क्रिकेट एकेडमी महागामा और बेथेल मिशन स्कूल की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। मैच में अंपायर की भूमिका दिव्यप्रकाश एवं प्रभु ने निभाई, जबकि राजन झा स्कोरर रहे। इस अवसर पर बेथेल मिशन के शिक्षक शक्ति कुमार एवं स्पार्टन एकेडमी के कोच अनंत टेकरीवाल उपस्थित थे।

छठ घाट की जेसीबी से कराई गई साफ-सफाई

हनवारा प्रतिनिधि । महागामा प्रखंड के विश्वासखानी गांव स्थित छठ घाट पर लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। हनवारा थाना प्रभारी विकास कुमार की पहल पर जेसीबी मशीन के माध्यम से छठ घाट एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कराई गई। साथ ही बाढ़ के कारण नदी किनारे हुए कटाव से बने गड्ढों को भरवाकर रास्ते को भी दुरुस्त कराया गया।गौरतलब है कि बाढ़ के कारण विश्वासखानी छठ घाट के आसपास काफी कटाव हो गया था। इससे घाट तक पहुंचने वाले रास्ते में जगह-जगह गड्ढे बन गए थे। वहीं, घाट पर गंदगी जमा रहने के कारण छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को विभिन्न समाचार पत्रों मे प्रमुखता से प्रकाशित किया था।खबर प्रकाशित होने के बाद थाना प्रभारी विकास कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पहल की और जेसीबी के माध्यम से घाट की सफाई एवं रास्ते को दुरुस्त कराने का कार्य कराया। इस पहल से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।ग्रामीणों ने कहा कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाट पर अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में घाट की साफ-सफाई और रास्ते को सुरक्षित बनाना बेहद जरूरी था। थाना प्रभारी की इस पहल से छठ व्रतियों को काफी सहूलियत मिलेगी। ग्रामीणों ने इस सराहनीय पहल के लिए थाना प्रभारी विकास कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया।

भेरोचक की मुख्य सड़क पर सालों से जमा है गंदा पानी, ग्रामीणों को हो रही परेशानी



संवाददाता

हनवारा । महागामा प्रखंड की कुशमहरा पंचायत अंतर्गत भेरोचक गांव में मुख्य सड़क पर जलजमाव की समस्या से ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। गांव की मुख्य सड़क पर वर्षों से गंदा पानी जमा रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव की यह मुख्य सड़क काफी महत्वपूर्ण है। इसी रास्ते से गांव के लोग मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए जाते हैं। लेकिन सड़क पर गंदा पानी जमा रहने के कारण नमाजियों को काफी परेशानी होती है। वहीं, छोटे-छोटे बच्चों को भी इसी मार्ग से होकर स्कूल जाना पड़ता है। जलजमाव के कारण बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में विशेष रूप से दिक्कत होती है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण पूरे रास्ते की स्थिति खराब हो गई है। लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। इससे आसपास के लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

करमाटांड़ में विदेशी शराब की दुकान में सेंधमारी

करमाटांड़। स्थानीय थाना क्षेत्र के मदनकट्टा कालाझरिया स्थित सरकारी विदेशी शराब की दुकान में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने दीवार काटकर सेंधमारी की और लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने दुकान के अंदर से 85,660 रुपये नकद और लगभग 20,000 रुपये मूल्य की विदेशी शराब चुरा ली।घटना का खुलासा तब हुआ जब देर रात दीवार काटने की आवाज सुनकर मकान मालिक महुर भुइयां की नींद खुल गई। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना शराब दुकान के कर्मियों को दी और शोर मचाना शुरू कर दिया। हालांकि, जब तक ग्रामीण और कर्मी मौके पर पहुंचते, तब तक शातिर चोर घटना को अंजाम देकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो चुके थे।शोरगुल की आवाज सुनकर रात्रि गश्ती दल के पुलिसकर्मी, दुकान के मैनेजर गोविंद सिंह और अन्य कर्मी वासुदेव मंडल व राजेश मंडल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

हाई मास्ट लाइट की मरम्मत को लेकर बीडीओ से की मांग

फतेहपुर (जामताड़ा)। फतेहपुर प्रखंड के प्रमुख स्थान फतेहपुर मोड़ एवं बस स्टैंड में लगे हाई मास्ट लाइट काफी लम्बे समय से खराब पड़े है। जिसको लेकर शुक्रवार को फतेहपुर बीडीओ को आवेदन सौंपकर मरम्मती की मांग की गई। आवेदन में कहा गया है कि शाम एवं रात्रि के समय इन स्थानों पर अंधेरा रहता है। जिससे आम नागरिक, राहगीर, यात्री एवं दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। फतेहपुर मोड़ व बस स्टैंड में लोगों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

छठ महापर्व की खरीदारी को लेकर हनवारा हटिया में उमड़ी व्रतियों और खरीदारों की भीड़



संवाददाता

हनवारा । लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर हनवारा हटिया में शुक्रवार को खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर सुबह से ही बाजार में चहल-पहल देखने को मिली। पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की खरीदारी के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में व्रती, महिलाएं और पुरुष हनवारा बाजार पहुंचे।बाजार में सूप, डाला, नारियल, केला, सेब, संतरा, नींबू, अदरक, हल्दी, गन्ना, मूली, शकरकंद सहित विभिन्न प्रकार के फल और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। वहीं, बांस से बने सूप और डाला की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। दुकानदारों ने भी छठ महापर्व को देखते हुए अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया था।छठ पूजा को लेकर बाजार में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं परिवार के सदस्यों के साथ पूजा की सामग्री खरीदने में जुटी रहीं। वहीं, फल और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही।छठ महापर्व को लेकर बाजार में बढ़ी भीड़ से स्थानीय दुकानदारों के चेहरे पर भी खुशी देखने को मिली। दुकानदारों का कहना है कि छठ पूजा के अवसर पर हर साल बाजार में अच्छी खरीदारी होती है। इस बार भी बाजार में अच्छी रौनक देखने को मिल रही है।लोक आस्था के इस महापर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। घरों से लेकर छठ घाटों तक तैयारियां जोरों पर हैं और श्रद्धालु भगवान सूर्य की आराधना के लिए पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ जुटे हुए हैं।

विद्यालय में निबंध और क्विज प्रतियोगिता आयोजित



संवाददाता नाला(जामताड़ा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुक्रवार को नाला प्लस टू उच्च विद्यालय में विधानसभा स्तरीय निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में नाला, कुंडहित एवं फतेहपुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से चयनित सफल छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित जानकारी विकसित करना तथा उन्हें लोकतंत्र के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। निबंध एवं क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों की विषयगत जानकारी, समझ और प्रतिभा का मूल्यांकन किया गया।परीक्षा के दौरान अपर समाहर्ता पूनम कश्यप, प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष ने विद्यालय पहुंचकर परीक्षा का अवलोकन किया। अधिकारियों ने परीक्षा संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा की प्रक्रिया एवं अनुशासन का निरीक्षण करते हुए आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होते देखा।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला



जामताड़ा। जामताड़ा प्रखंड अतर्गत लादना पंचायत के सेखराडीह गांव स्थित आंगनबाड़ी परिसर में 12 एवं 13 नवंबर को ओंकार सेवा संस्थान, मिहिजाम की ओर से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन परियोजना के तहत पेसा अधिनियम पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें ग्राम सभा को सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास में उसकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।प्रशिक्षक सौरव अली ने पहले दिन ग्राम सभा अध्यक्ष के अधिकार, कर्तव्य, नियमावली और महत्व की जानकारी दी। वहीं दूसरे दिन केंद्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा ग्राम विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई। पेयजल, वृक्षारोपण, जैविक खेती, जड़ी-बूटी व केंदू पत्ता संरक्षण, आवास योजना और ग्राम सभा सचिवालय निर्माण जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई।इस अवसर पर संतोष पाल, सपन राय, सुचिंद्र भगत, अनिल मुर्मू, शांति किस्कू, सोनाली बाउरी एवं गौरव सिंह ने सक्रिय सहयोग दिया।

करमाटांड़ में नहाए-खाय के साथ शुरू छठ पर्व



करमाटांड़। प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ की शुरुआत शुक्रवार को पारंपरिक 'नहाए-खाए' के साथ हो गई। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन और पवित्र अनुष्ठान के पहले दिन करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। प्रखंड के मेन बाजार, मुरलोड़ी,मंडलटोला, मोहनपुर, चेरगरा, ढेरवाड़ी, डूमरिया समेत दर्जनों गांवों में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है।शुक्रवार को सुबह से ही छठ व्रतियों ने पवित्र नदियों, तालाबों और जलाशयों में स्नान कर इस महाव्रत का संकल्प लिया। इसके बाद सूर्य देव का स्मरण कर पूरी शुद्धता और सात्विक तरीके से पारंपरिक भोजन तैयार किया गया। 'नहाए-खाए' के दिन व्रतियों और उनके परिवारों द्वारा अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू (लौकी) की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया जाता है, जिसे विशेष रूप से पीतल या कांसे के बर्तनों में और आम की लकड़ी की आंच पर पकाया जाता है। इस भोजन को ग्रहण करने के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास और कठिन अनुष्ठान प्रारंभ हो जाता है।प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में इस महापर्व को लेकर अभूतपूर्व रौनक है। मेन बाजार से लेकर मोहनपुर और डूमरिया जैसे गांवों में छठ घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य अंतिम चरण में है।

कुंडहित में नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ वर्त



कुंडहित (जामताड़ा) । कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से मनाये जाने वाले लोकआस्था के चार दिवसीय छठ पर्व शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर छठ व्रतियों ने घर की साफ सफाई तथा सुप, डाला की खरिदारी पुरी कर ली गई है। पर्व को लेकर कुंडहित प्रखंड के राजबांध, बनकाटी बांध तथा शिलानदी तट पर छठ घाटों में साफ सफाई भी कर लिया गया है। सूर्योपासना के इस महापर्व में साफ सफाई का विशेष महत्व होता है। 13 नवंबर को छठ ब्रतियों ने नहाय खाय की उपासना किया। उस दिन तालाबों या नदी में स्नान कर पुरी निष्ठा के साथ अरवा चावल का भात, चना दाल, कदु, कोहड़ा की सब्जी आदि पुरे विधि विधान के साथ बनाया गया। उसके बाद भगवान सूर्य और छठ मईया को भोग अर्पण कर स्वंय प्रसाद ग्रहण करती है। दुसरा दिन 14 नवंबर शनिवार को निर्जला उपवास कर संध्या प्रहर में खरना की उपासना करेंगी। उस दिन ब्रतियों ने अरवा चावल की गुड मिश्रित समेत अन्य भोग पुरी निष्ठा के साथ विधि विधान से बनायेगी।

महंगाई और मुनाफाखोरी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

भारत में पिछले दस महीनों से महंगाई लगातार बढ़ रही है। खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों, पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई सितंबर में 5.54 प्रतिशत थी, जो अक्टूबर में बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो गई। यह भारतीय रिजर्व बैंक की निर्धारित 2 से 6 प्रतिशत की सीमा से भी ऊपर है। जनवरी 2026 से महंगाई में लगातार हो रही वृद्धि ने आम परिवारों की आर्थिक चिंता बढ़ा दी है। महंगाई के साथ बाजार में मुनाफाखोरी का खेल भी तेजी से बढ़ रहा है। पैक्ड वस्तुओं पर एमआरपी का ऐसा खेल चल रहा है, जिसमें कंपनियां कीमतें बढ़ाने के साथ वस्तुओं का वजन और मात्रा भी कम कर रही हैं। यानी उपभोक्ता को अधिक कीमत चुकाने के बावजूद पहले से कम सामान मिल रहा है। दुकानदारों और एफएमसीजी कंपनियों की यह दोहरी मार आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि का असर हर क्षेत्र पर पड़ता है। दूध, दही, घी, मक्खन, तेल, आटा, चावल और दाल जैसी जरूरी वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं। आश्चर्य की बात है कि ठंड के मौसम में भी दुग्ध उत्पादक कंपनियों ने दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। साबुन और डिटर्जेंट से लेकर सिगरेट तक की कीमतों में वृद्धि हुई है। होटल और रेस्टोरेंट में भोजन एवं नाश्ते के दाम 5 से 15 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। कच्चे माल, पैकेजिंग और परिवहन की बढ़ती लागत का बोझ भी उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है, महंगाई के अनुपात में लोगों की आमदनी नहीं बढ़ रही है। 2019 के बाद घरेलू खर्च लगातार बढ़े हैं, लेकिन वेतन में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हुई। दूसरी ओर बेरोजगारी और छंटनी का संकट भी बढ़ रहा है। जिनके पास रोजगार है, उनकी वास्तविक क्रयशक्ति घटती जा रही है। बाजार में एक बार कीमतें बढ़ने के बाद कच्चे तेल जैसी वस्तुओं के दाम घटने पर भी पेट्रोलियम कंपनियां उपभोक्ताओं को राहत नहीं देतीं। चीनी, तेल, दाल और चावल की कीमतें इसका उदाहरण हैं। पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाकर बिक्री की जा रही है। कर्नाटक में जांच के दौरान कुछ नमूनों में 30 से 32 प्रतिशत एथेनॉल पाए जाने की बात सामने आई है। ऐसे मामलों में पारदर्शी जांच जरूरी है। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में लगभग 72 रुपये की वृद्धि और छोटे घरेलू सिलेंडरों से जुड़े अतिरिक्त खर्च ने भी आम लोगों की परेशानी बढ़ाई है। हवाई और रेल यात्रा भी महंगी होती जा रही है। बाजार में कंपनियों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, जबकि सरकार की भूमिका केवल आंकड़े जारी करने तक सीमित दिखाई देती है। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों, कंपनियों के मुनाफे और उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की जांच होनी चाहिए। जमाखोरी, कालाबाजारी और अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी जरूरी है। 1974-75 की महंगाई और आर्थिक परेशानियों को याद करने वाले लोग आज की परिस्थितियों में समानताएं देख रहे हैं। उस समय भी महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का असंतोष आंदोलनों में बदला था। आज परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होने पर जनता का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है। महंगाई की सबसे ज्यादा मार गरीब और निम्न मध्यम वर्ग पर पड़ रही है। मध्यम वर्ग खर्चों में कटौती कर किसी तरह परिवार चला रहा है, जबकि गरीब परिवार के लिए दूध, तेल, आटा, चावल और दाल खरीदना भी चुनौती बनता जा रहा है। महंगे इलाज, शिक्षा, कर्ज और बेरोजगारी ने संकट को और गहरा कर दिया है। वर्ष 2027 में संभावित आर्थिक संकट की आशंकाएं भी चिंता बढ़ा रही हैं। सवाल यह है कि आम आदमी कब तक महंगाई और मुनाफाखोरी की दोहरी मार सहन करेगा? सरकार की जिम्मेदारी केवल आर्थिक विकास के आंकड़े प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है।

बिरसा मुंडा- स्वधर्म, संस्कृति और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक

ज्ञानेंद्र त्रिपाठी

अंग्रेजों के दमनकारी शासन के खिलाफ आदिवासी आंदोलन के लोकनायक बिरसा मुंडा की 15 नवंबर 2026 को 151वीं जयंती है। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को अंग्रेजी दासता से मुक्त होकर सम्मान से जीने के लिए प्रेरित किया। झारखंड के सिंहभूमि तथा रांची में रहने वाले मुंडा जनजाति के लोग बिरसा को आज भी भगवाने के रूप में पूजते हैं। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में बिरसा मुंडा एक प्रमुख आदिवासी विद्रोह के नेता रहे हैं। । बिरसा ने आदिवासियों को ब्रिटिश शासन और ज़मींदारी व्यवस्था के अत्याचारों के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने आदिवासी लोगों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक भूमि स्वामित्व से जुड़े अधिकारों से अवगत कराया।उन्होंने जनजातीय समाज को अपनी परंपराओं की ओर लौटने का संदेश देते हुए जनजातीय समाज में पुनः सांस्कृतिक चेतना का प्रवाह किया। उनका यह प्रयास जनजातीय समाज की राष्ट्रीय अस्मिता को सुरक्षित रखने में एक मील का पत्थर साबित हुआ. यह निडर, निर्भीक, ऊर्जावान नेतृत्व राजनीतिक और सांस्कृतिक आक्रमण के विरुद्ध खड़े होने की ऊर्जा का दीर्घकालीन प्रेरणास्रोत बना।भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में आजादी और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के रांची जिले के इलिहतु गांव में हुआ था। उनके बचपन का नाम दाउद मुंडा था। बिरसा मुंडा मात्र 25 साल की उम्र में अपने हक और स्वयत्तता के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हुए । उनका आरम्भिक जीवन बेहद गरीबी में बीता। उनके पिता के नाम सुगना मुंडा और माता का नाम करमी हटू था।बिरसा के माता-पिता घुमंतू खेती के द्वारा अपना गुजर-बसर करते थे। बचपन में बिरसा भेड़ों को चराने जंगल जाया करते थे और वहां बांसुरी बजाते थे। बिरसा बहुत अच्छी बांसुरी बजाते थे। इसके साथ ही उन्होंने कद्दू से एक तार वाला वादक यंत्र तुइला का भी निर्माण किया था। गरीबी के चलते बिरसा के माता-पिता ने उन्हें उनके मामा के पास अयुबत्तु गांव स्कूली शिक्षा के लिए भेज दिया ,जहां बिरसा के शिक्षक ने उनकी पढाई में रूचि देख कर उन्हें क्रिश्चियन स्कूल में जाने जा सुझाव दिया।यह वह दौर था जब क्रिश्चियन स्कूल में केवल ईसाई बच्चे ही पढ़ते थे, जिसके चलते बिरसा ने ईसाई धर्म को स्वीकार कर लिया और अपना नाम बदलकर डेविड रख लिया। बिरसा ईसाई स्कूल को छोड़ने के बाद हिंदू धर्म के प्रभाव में आ गए, जिसके बाद वो ईसाई धर्म परिवर्तन का विरोध करने के साथ ही आदिवासियों में जागरूकता फैलाने लगे। दरअसल उसी समय इस इलाके में रेल लाइनें बिछाने का काम चल रहा था। अंग्रेजों द्वारा आदिवासियों का शारीरिक और चारित्रिक शोषण किया जा रहा था। आदिवासियों को ईसाई धर्म में परिवर्तन करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। बिरसा ने सरकार की इन नीतियों का जमकर विरोध किया। लोगों को अपने धर्म का ज्ञान दिया, गौ हत्या का विरोध किया।

विद्रोह का बिगुल बिरसा ने लगान माफी को लेकर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया। बिरसा ने आदिवासियों की एक सेना बनाकर अंग्रेजों के खिलाफ छापामार लड़ाई शुरू की। 1897 से 1900 के बीच मुंडा आदिवासियों ने बिरसा के नेतृत्व में छापामार लड़ाई से अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया। 1895 में बिरसा मुंडा को दंगा करने के आरोप में गिरफ्तार करके 2 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। जेल से रिहा होने के बाद भी बिरसा ने अपनी गतिविधियां जारी रखीं। वह गांव-गांव जाकर खुद के नेतृत्व में एक मुंडा राज्य की स्थापना करने के लिए समर्थन जुटाने लगे।अगस्त 1897 में बिरसा और उसके चार सौ सिपाहियों ने तीर कमानों से लैस होकर खूंटी थाने पर धावा बोला। 1898 में तांगा नदी के किनारे बिरसा ने अंग्रेजी सेना पर हमला किया और अंग्रेजों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। बाद में अतिरिक्त अंग्रेजी सेनाओं के आने के बाद आदिवासियों की पराजय हुई और कई आदिवासियों को गिरफ्तार कर लिया गया। 3 फरवरी 1900 को अंग्रेजी सेना ने बिरसा को उसके समर्थकों के साथ चक्रधरपुर जंगल से गिरफ्तार कर लिया।कैद के दौरान बिरसा की जेल में संदेहास्पद अवस्था में 9 जून 1900 को मौत हो गई। अंग्रेजी सरकार ने बताया कि हैजा के चलते बिरसा की मौत हुई है। हालांकि आज तक यह स्पष्ट नहीं है कि बिरसा की मौत कैसे हुई। बिरसा ने मात्र 25 साल की उम्र में देश के लिए शहीद होकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई को प्रेरित किया। मुंडा आदिवासी बिरसा को आज भी धरती बाबा के नाम से पूजते हैं।

बच्चों की मुस्कान में भारत का भविष्य तलाशते थे चाचा नेहरू

योगेश कुमार गोयल

(बाल दिवस14 नवम्बर पर विशेष)

किसी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सीमाओं, संसाधनों, सैन्य सामर्थ्य या आर्थिक संपन्नता से नहीं, उसकी नई पीढ़ी के सपनों, सामर्थ्य, संस्कारों और संभावनाओं से तय होती है। जिस देश के बच्चे शिक्षित, स्वस्थ, जिज्ञासु, संवेदनशील और आत्मविश्वासी होते हैं, उसका भविष्य भी उतना ही उज्ज्वल होता है। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस सत्य को गहराई से समझते थे। बच्चों के प्रति उनका स्नेह केवल भावनात्मक लगाव तक सीमित नहीं था बल्कि वे उन्हें स्वतंत्र भारत की नियति गढ़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण शक्ति मानते थे। यही कारण है कि बच्चों के बीच वे प्रधानमंत्री से अधिक 'चाचा नेहरू' के रूप में लोकप्रिय हुए और उनका जन्मदिवस 14 नवम्बर देशभर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

नेहरू का बच्चों से रिश्ता किसी औपचारिकता, राजनीतिक छवि या सार्वजनिक लोकप्रियता का हिस्सा नहीं था। बच्चों की निश्छल मुस्कान, उनकी जिज्ञासाएं, कल्पनाशीलता और बेबाक सवाल उन्हें सहज ही आकर्षित करते थे। वे बच्चों के बीच पहुंचकर अपना पद, प्रतिष्ठा और प्रोटोकॉल भूल जाते थे। उनके साथ हंसते, खेलते और बातचीत करते हुए वे स्वयं भी बच्चों की दुनिया का हिस्सा बन जाते थे। नेहरू का बाल प्रेम उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण की अवधारणा में भी स्पष्ट दिखाई देता है। वे मानते थे कि किसी भी देश का भविष्य उसकी कक्षाओं, विद्यालयों और बच्चों के पालन-पोषण में आकार लेता है। बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं, जिन्हें जिस वातावरण, शिक्षा और संस्कारों में ढाला जाता है, उनका व्यक्तित्व उसी के अनुरूप विकसित होता है। इसलिए बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान देना पर्याप्त नहीं बल्कि उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, स्वतंत्र चिंतन, मानवीय संवेदना, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना भी आवश्यक है। उनका विश्वास था कि बच्चों को भय, भेदभाव और संकीर्णता से मुक्त वातावरण मिले, जहां वे प्रश्न पूछ सकें, अपनी प्रतिभा पहचान सकें और अपनी कल्पनाओं को वास्तविकता में बदलने का साहस जुटा सकें।

बच्चों के प्रति नेहरू जी की संवेदनशीलता का एक प्रसंग अक्सर याद किया जाता है। कहा जाता है कि एक दिन तीन मूर्ति भवन के बगीचे में टहलते हुए उन्हें एक छोटे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। आसपास उसकी मां दिखाई नहीं दी तो वे स्वयं बच्चे के पास पहुंचे और उसे गोद में उठा लिया। प्रधानमंत्री की गोद में पहुंचते ही बच्चा शांत हो गया। कुछ देर बाद उसकी मां लौटी तो अपने बच्चे को देश के प्रधानमंत्री की गोद में खेलते देखकर अभिभूत रह गई। यह प्रसंग नेहरू के व्यक्तित्व के उस सहज पक्ष को सामने लाता है, जिसमें ऊंचे पद का अहंकार नहीं बल्कि एक बच्चे की तकलीफ के प्रति मानवीय संवेदना सर्वोपरि थी। नेहरू का मानना था कि शिक्षा किसी समाज के विकास का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने आधुनिक भारत की शैक्षिक और वैज्ञानिक नींव मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों के विकास को उन्होंने राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया। भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) की स्थापना की दिशा में भी उनके शासनकाल में महत्वपूर्ण पहल हुई। उनका उद्देश्य केवल डिग्रियां बांटना नहीं बल्कि ऐसा शिक्षित और कुशल मानव संसाधन तैयार करना था, जो देश को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा, उद्योग और अनुसंधान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सके। वे जानते थे कि ज्ञान और वैज्ञानिक चेतना के बिना आधुनिक राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए भी नेहरू ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। वर्ष 1955 में चिल्ड्रन्स फिल्म सोसाइटी इंडिया की स्थापना इसी सोच का परिणाम थी। वे चाहते थे कि बच्चों को ऐसी फिल्में और साहित्य उपलब्ध हों, जो उनका मनोरंजन करने के साथ-साथ उनकी कल्पनाशक्ति, नैतिक चेतना और सृजनात्मकता को भी विकसित करें। उनकी दृष्टि में शिक्षा का अर्थ केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं था। खेल, कला, संगीत, साहित्य, प्रकृति से जुड़ाव और सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चे के व्यक्तित्व को समृद्ध बनाने के अनिवार्य माध्यम थे। उनकी बाल-दृष्टि का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह था कि वे बच्चों को राष्ट्र के भविष्य के साथ-साथ वर्तमान की जिम्मेदारी भी मानते थे। उनका विचार था कि यदि बच्चों को उचित पोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आगे बढ़ने के समान अवसर नहीं मिलेंगे तो राष्ट्र की प्रगति का सपना अधूरा रह जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य, प्राथमिक शिक्षा और कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रोत्साहन देना इसी व्यापक सोच का हिस्सा था। पंडित नेहरू समझते थे कि भूख, गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक असमानता किसी भी बच्चे की प्रतिभा को जन्म लेने से पहले ही कुचल सकती हैं।

पाकुड़ की खबरें

पत्नी से विवाद के बाद व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददातामहेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र के बड़कियारी पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव निवासी सुमीर हेंब्रम (37 वर्ष) के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुमीर हेंब्रम का पिछले कुछ दिनों से अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।घटना की सूचना मिलते ही महेशपुर थाना की पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

आलमगीर आलम ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर के विभिन्न घाटों पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम ने कालीभाषाण छठ घाट, टीन बांग्ला पोखर एवं साधु पोखर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से मुलाकात कर साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था, परंपरा और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने बताया कि छठ व्रतियों की सुविधा के लिए प्रत्येक घाट पर कपड़े बदलने के लिए कक्ष बनाए जा रहे हैं। साथ ही साफ-सफाई, रोशनी एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने पूजा समितियों से आपसी समन्वय के साथ तैयारियां पूरी करने की अपील की।निरीक्षण के बाद उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। मौके पर जिलाध्यक्ष कुमार सरकार, मानसारुल हक, तारिकुल शेख सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

छठ घाटों की साफ-सफाई में जुटा नगर प्रशासन

बरहरवा- लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर प्रशासन की ओर से नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई कराई जा रही है. छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर जमा कचरे की सफाई, झाड़ियों की कटाई तथा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने का कार्य किया जा रहा है.नगर प्रशासन की टीम द्वारा छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है. साथ ही संबंधित कर्मियों को घाटों पर बेहतर साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है.नगर प्रशासन का प्रयास है कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी छठ घाट स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहें.

पूर्व रेलवे

ठिका खोबोर संख्या EL-64-26, माहित 12.11.2026। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल, मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते चालु विद्युत ठिकादार लाइसेंस मेक्नाक्को आर कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेक्नाक्को नामडाक ठिकादारको ठेन खोन लातार रे ओलाकान कामी बाखरा ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **ठिका खोबोर संख्याः EL-64-26; कामी रेयाक् जुतुम आर जायगाः** आसनसोल मंडलः- विद्युत प्रशिक्षकण केंद्र, आसनसोल रेयाक् छात्रावास रे नावां बेनावाकान क्लासरूम नावांआरोय, ओना रे मोरामुतीय, जेलजोतोन आर नावांआरोय कामी सेलेत् मेनाक्आ; **ठिका रेयाक् मोट पूंजीः रु.** 50,12,025.50; **धरोहर पायसाः** रु. 1,00,300/-; **ठिका कागोचको रेयाक् गोनोमः** शून्य; **ठिका जामाय आर झिज रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 04.12.2026 हिलोक् 11:00 बजे। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। ठिका सांव जोड़ाव पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-316/2026-27

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आः www.er.indianrailways.gov.in/www.reps.gov.in

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

दुष्कर्म मामले का आरोपित गिरफ्तार

रांची, (हि.स.)। रांची के तमाड़ थाना पुलिस ने दुष्कर्म मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम लखविन्द्र मुण्डा बताया गया है। इसके पास से मिट्टी लगा शर्ट एवं अन्य कपड़ा बरामद किया गया है।ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने शुक्रवार को बताया कि गत नौ नवंबर को एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। नाबालिग लड़की की मां के जरिये इस संबंध में तमाड़ थाना में लिखित आवेदन दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई।इसके बाद अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक बुंडू के नेतृत्व में कांड का खुलासा करने के लिए एक विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में आरोपित ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि बच्ची को वो पूर्व से जानते एवं पहचानते थे। घटना के दिन आरोपित के जरिये बच्ची को मिठाई बनाने के लिए चावल का आटा मील से लाने का बहाना बनाकर बच्ची को मील नहीं ले जाकर सुनसान जंगल में बलपूर्वक ले जाकर बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म किया।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ, आज खरना तैयारी पूरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़। लोक आस्था, पवित्रता, नेम-निष्ठा और अटूट श्रद्धा का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व के प्रथम दिन छठव्रतियों ने पूरे विधि-विधान और शुद्धता के साथ नहाय-खाय का अनुष्ठान संपन्न किया।इस अवसर पर छठव्रतियों ने प्रातःकाल अधिकांशतः गंगा सहित विभिन्न पवित्र जलाशयों में स्नान किया। इसके बाद घर लौटकर घर एवं पूजा स्थल की साफ-सफाई कर गंगाजल का छिड़काव किया और पवित्र वातावरण में अनुष्ठान की शुरुआत की। घरों में गाय के गोबर से लीपे गए स्थान पर मिट्टी के चूल्हे में गोइठा एवं लकड़ी जलाकर पारंपरिक तरीके से प्रसाद तैयार किया गया। इसमें अरवा चावल का भात, चना दाल, कद्दू एवं कच्चू की सब्जी बनाई गई। भोजन में सेंधा नमक और शुद्ध घी का उपयोग किया गया।प्रसाद तैयार होने के बाद सर्वप्रथम भगवान गणेश एवं भगवान सूर्यदेव को भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात छठव्रतियों ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पूरे नियम, संयम और श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण किया।

आज खरना का अनुष्ठान, शाम को ग्रहण करेंगे प्रसाद

नहाय-खाय के बाद शनिवार को छठ महापर्व का दूसरा दिन खरना मनाया जाएगा। खरना को छठ पूजा का एक महत्वपूर्ण एवं विशेष अनुष्ठान माना जाता है। पारिवारिक परंपरा और रीति-रिवाज के अनुसार छठव्रती इस अनुष्ठान को संपन्न करते हैं।खरना के दिन छठव्रती सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक निर्जला उपवास रखते हैं। शाम को स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद मिट्टी के चूल्हे पर पारंपरिक विधि से गुड़ की खीर, रोटी एवं अन्य प्रसाद तैयार किया जाता है। इसके बाद भगवान गणेश और सूर्यदेव का स्मरण एवं पूजन कर प्रसाद अर्पित किया जाता है। पूजा के पश्चात छठव्रती गुड़ की खीर एवं अन्य प्रसाद ग्रहण कर दिनभर के निर्जला उपवास का पारण करते हैं।

अधिकारियों के निरीक्षण के बाद छठ घाटों में शुरू हुआ सफाई कार्य

अमड़ापाड़ा (पाकुड़) लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार स्थित प्रमुख छठ घाटों में सफाई कार्य शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों द्वारा घाटों का निरीक्षण किए जाने के दूसरे दिन से कोल कंपनी की ओर से सफाई अभियान प्रारंभ किया गया।

पदाधिकारियों के निर्देश पर जेसीबी एवं एक्सकेवेटर मशीनों की मदद से दुर्गामंदिर और पीएचईडी छठ घाट की साफ-सफाई की जा रही है। मशीनों के माध्यम से घाटों पर जमा गंदगी और अव्यवस्था को हटाकर पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित करने का कार्य चल रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी औसाफ अहमद खान एवं थाना प्रभारी प्रयाग दास ने पुलिस बल और पूजा समिति के सदस्यों के साथ दोनों छठ घाटों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद सफाई कार्य शुरू होने से छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को घाट तक आने-जाने में काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

वाहन जांच अभियान में चार गाड़ियों पर कार्रवाई, 1.52 लाख रुपये जुर्माना



लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा-दुमका मुख्य मार्ग पर स्टेडियम के समीप जिला परिवहन विभाग की ओर से वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मुजाहिद अंसारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में वाहनों की ओवरलोडिंग और आवश्यक कागजातों की जांच की गई।इस दौरान करीब एक दर्जन वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन भारी व्यावसायिक वाहनों और एक पिकअप वैन समेत कुल चार वाहनों पर कार्रवाई की गई। इन वाहनों से कुल 1 लाख 52 हजार 8 रुपये का जुर्माना लगाया गया।अभियान में सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद थे। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

रोजगार की तलाश में बंगाल जा रहे पाकुड़ के मजदूर, पलायन या अतिरिक्त कमाई का सवाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़। पाकुड़ के मजदूरों का बंगाल जाना पलायन नहीं, बल्कि अतिरिक्त कमाई के लिए जाना बताया जाता है। लेकिन शब्दों के इस अंतर से उन परिवारों की परिस्थितियां नहीं बदलतीं, जिन्हें छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के लिए अपना घर और गांव छोड़ना पड़ता है।कोई घर का छप्पर ठीक कराने, कोई बेटी की शादी करने, तो कोई बीमारी के दौरान लिया गया कर्ज चुकाने के लिए बंगाल में मजदूरी करने जाता है। किसी को दुकान की उधारी चुकानी है, तो किसी को बच्चों की पढ़ाई और परिवार की जिम्मेदारियां निभानी हैं। मजदूरों की ख्वाहिश कोई आलीशान मकान या बड़ी गाड़ी नहीं, बल्कि परिवार की सामान्य जरूरतें पूरी करना है।कुछ पैसे कमाने की उम्मीद में मजदूर दूसरे प्रदेश जाते हैं, मेहनत करते हैं और थोड़ी बचत लेकर लौटते हैं। लेकिन घर लौटने के बाद जिम्मेदारियां फिर सामने खड़ी हो जाती हैं। कुछ समय बाद रोजगार की तलाश में उन्हें दोबारा घर छोड़ना पड़ता है। धीरे-धीरे यह मजबूरी उनकी जिंदगी का हिस्सा बन जाती है।सवाल यह है कि यदि अपने ही क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार और सम्मानजनक मजदूरी उपलब्ध होती, तो क्या मजदूरों को छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करने के लिए घर-परिवार छोड़ना पड़ता? स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की योजनाएं कितनी प्रभावी हैं और मजदूरों को अपने ही क्षेत्र में काम कब मिलेगा?शब्द बदल देने से हकीकत नहीं बदलती। मजबूरी को अतिरिक्त कमाई का नाम देने से मजदूरों की परेशानी कम नहीं होती। जरूरत इस बात की है कि पाकुड़ में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा हों, ताकि मजदूर अपने परिवार के साथ रहकर सम्मानजनक जीवन जी सकें।

एसआईआर और संसद सत्र को लेकर सांसद विजय हांसदा ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़।राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और संसद के आगामी सत्र को लेकर केंद्र सरकार एवं भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और पहचान एवं दस्तावेजों के नाम पर आम नागरिकों को परेशान किया जा रहा है। इससे मतदाताओं के मताधिकार पर भी संकट पैदा हो सकता है।सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से नियमों और निर्धारित प्रारूपों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने के बावजूद प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने भाजपा पर दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले उसे अपनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए। आधार कार्ड, बैंक नामांकन और अन्य दस्तावेजों से जुड़ी प्रक्रियाओं पर भी उन्होंने सवाल उठाए।सांसद ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आम जनता के हितों के बजाय पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।संसद के आगामी सत्र पर उन्होंने कहा कि विपक्ष जनहित के मुद्दों पर खुली बहस चाहता है, लेकिन सरकार सदन में सवालों का सामना करने से बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता चर्चा के लिए तैयार हैं, जबकि सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं हो रही है।विजय हांसदा ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष चुनाव और मताधिकार का अधिकार मिलना चाहिए। जनता सब कुछ देख रही है और चुनाव में अपने वोट के माध्यम से जवाब देगी।

तेल टंकी के पास शाम होते ही लगता है नशेड़ियों का जमावड़ा, महिलाएं परेशान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। नगर थाना क्षेत्र के तेल टंकी के समीप शाम ढलते ही कथित रूप से नशा करने वालों का जमावड़ा लगने की शिकायत सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ लोग यहां एकत्रित होकर नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है।स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, तेल टंकी के समीप स्थित पीपल के पेड़ पर महिलाएं नियमित रूप से पूजा-अर्चना करने पहुंचती हैं। लेकिन शाम के समय कथित नशेड़ियों की मौजूदगी के कारण महिलाओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। इससे इस धार्मिक स्थल पर महिलाओं के निर्भय होकर आने-जाने को लेकर चिंता बढ़ गई है।स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से उक्त स्थल पर नियमित निगरानी रखने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि नशीले पदार्थों के सेवन या किसी अन्य गैरकानूनी गतिविधि की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।अब देखना यह है कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर थाना पुलिस कब संज्ञान लेती है और सार्वजनिक स्थल को ऐसी गतिविधियों से मुक्त कराने के लिए क्या कदम उठाती है।

वाहन जांच अभियान में 25 वाहनों पर 84 हजार जुर्माना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)। थाना परिसर के सामने शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह सहित पुलिस एवं परिवहन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।जांच के दौरान आवश्यक कागजात नहीं होने पर ट्रैक्टर, पिकअप, टेंपो, हाइवा, बस और ट्रक सहित करीब 25 वाहनों पर कुल 84 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, एक दर्जन से अधिक बाइक चालक बिना हेलमेट के पकड़े गए, जिन पर ऑनलाइन जुर्माना लगाया गया।इस दौरान डीटीओ ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, वाहन के जरूरी कागजात एवं ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखने तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की। उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

फोटो–1001843787

देवघर में सरकारी जमीन पर कब्जा और अवैध निर्माण पर प्रशासन सख्त, जांच के आदेश

बीएन साह रोड के अतिक्रमण पर नगर आयुक्त से मांगी जांच रिपोर्ट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । सरकारी जमीन पर कथित कब्जा, बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण और सार्वजनिक गली पर अतिक्रमण की शिकायतों को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने इन मामलों की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खास तौर पर बीएन साह रोड पर अवैध निर्माण और सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत नगर निगम के सामने रखी गई। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने जमीन अधिग्रहण का मुआवजा, पेंशन, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, आवास और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निपटारा करने का निर्देश दिया। कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया। श्रुति कुमारी को आधार कार्ड में सुधार के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर सुधार की प्रक्रिया पूरी कराई। बासुकीनाथ-देवघर राष्ट्रीय राजमार्ग-114ए के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित जमीन के मुआवजे और पारिवारिक सूची के सत्यापन में देरी का मामला भी उठा। उपायुक्त ने एसडीओ को जांच कर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। रिखिया थाना क्षेत्र के अमगछिया मौजा स्थित लछमनिया टांड़ में सरकारी और फौती जमीन पर कथित अवैध कब्जे तथा निर्माण की शिकायत पर भी एसडीओ को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, बीएन साह रोड पर बिना स्वीकृत नक्शे के मकान निर्माण और सार्वजनिक गली की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में नगर आयुक्त को जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी सहित जनशिकायत कोषांग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



झारखंड स्थापना दिवस पर देवघर के युवा कलाकारों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मंच

देवघर । झारखंड की समृद्ध लोक एवं जनजातीय कला-संस्कृति, पारंपरिक गीत-संगीत और वादन परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए राज्यव्यापी सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके तहत देवघर जिले के युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 17 से 27 नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में देवघर जिला स्तरीय प्रतियोगिता 21 नवंबर को सुबह 9:30 बजे सूचना भवन में होगी। प्रतियोगिता में 16 से 30 वर्ष तक के कलाकार भाग ले सकेंगे। इसमें गजल, हिंदी गीत, नागपुरी गीत एवं नृत्य, भजन, सूफी गायन तथा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के गीत-संगीत की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। इच्छुक कलाकारों को 20 नवंबर शाम पांच बजे तक जिला खेल कार्यालय, केकेएन स्टेडियम, देवघर में पंजीकरण कराना होगा। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी 26 से 28 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

महामंडलेश्वर राजेश्वरी नंद गिरी उर्फ रोज मौसी ने छठ व्रतियों के बीच किया सामग्री का वितरण



देवघर संताल एक्सप्रेस । लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर श्रद्धा, सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल देखने को मिली। छठ महापर्व को लेकर महामंडलेश्वर राजेश्वरी नंद गिरी उर्फ रोज मौसी ने छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने व्रतियों को पर्व से जुड़ी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उनके छठ अनुष्ठान में सहयोग किया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद व्रतियों को छठ पूजा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देना था। सामग्री वितरण के दौरान व्रतियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे मानव सेवा और धार्मिक आस्था से जुड़ा सराहनीय कार्य बताया। महामंडलेश्वर राजेश्वरी नंद गिरी उर्फ रोज मौसी ने कहा कि छठ महापर्व केवल आस्था और उपासना का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग, पवित्रता और सामाजिक एकता का भी संदेश देता है। इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने सभी छठ व्रतियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए भगवान सूर्य और छठी मईया से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उनकी इस पहल ने पर्व के दौरान सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।

धान खरीद में किसानों को परेशानी हुई तो जिम्मेदार होंगे अधिकारी : डीसी



देवघर । खरीफ विपणन मौसम 2026-27 में धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने शुक्रवार को जिला अनुश्रवण समिति की बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो। समाहरणालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को प्रखंडवार टीमें गठित कर किसानों का ई-केवाईसी और जमीन के अभिलेखों का सत्यापन तेजी से पूरा कराने को कहा। उन्होंने लैंप्स और पैक्स की ग्रेडिंग करने तथा योग्य धान अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन समय पर करने का निर्देश दिया। धान खरीद की व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए सभी अधिप्राप्ति केंद्रों और राइस मिलों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति सूची पहले से तैयार करने को कहा गया। उपायुक्त ने राइस मिलों के चयन में भी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इसके तहत मिलों की धान प्रसंस्करण क्षमता, भंडारण व्यवस्था, अधिप्राप्ति केंद्रों से दूरी और पूर्व के लंबित मामलों की जांच की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया केले की दुकानों का निरीक्षण कार्बाइड से फल पकाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । छठ महापर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को बैजनाथपुर बाजार समिति परिसर में केला विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाजार में बिकने वाले फलों को हानिकारक रसायनों से मुक्त रखना है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फल पकाने में कैल्शियम कार्बाइड के इस्तेमाल पर विशेष निगरानी रखी। दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि फलों को पकाने के लिए इस खतरनाक रसायन का किसी भी परिस्थिति में उपयोग न करें। अधिकारियों ने बताया कि कार्बाइड से पकाए गए फल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। इससे पेट संबंधी परेशानी, तंत्रिका तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव और गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान केले पकाने में कैल्शियम कार्बाइड का इस्तेमाल होता नहीं पाया गया। विभाग ने कारोबारियों को प्राकृतिक तरीके से फल पकाने, खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पालन करने और वैध खाद्य लाइसेंस के साथ कारोबार संचालित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन, अंजली विवा मिंज और देव कुमार शामिल थे।

छठ आस्था, तपस्या और प्रकृति उपासना का महापर्व : डॉ. परशुराम तिवारी



देवघर । जसीडीह ट्रेनिंग कॉलेज में कार्यरत प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. परशुराम तिवारी ने छठ महापर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छठ आस्था, त्याग, तपस्या और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम पर्व है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान बन चुका यह पर्व अब देश-विदेश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि चार दिनों तक चलने वाली यह साधना शुद्धता, आत्मसंयम, सामाजिक समरसता और सूर्य उपासना का संदेश देती है। पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, जो पवित्रता और संकल्प का प्रतीक है। दूसरे दिन खरना में व्रती उपवास और आत्मसंयम का पालन करते हैं। तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य अर्पित किया जाता है। चौथे दिन उदीयमान सूर्य को उषा अर्घ्य देकर व्रत का समापन होता है। यह आशा, आरोग्य और नवजीवन का प्रतीक है। डॉ. तिवारी के अनुसार, छठ सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है। यह जाति और आर्थिक भेदभाव से ऊपर उठकर लोगों को एकजुट करता है।

छठ महापर्व पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए देवघर में चार नियंत्रण कक्ष स्थापित

देवघर । छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, देवघर ने विशेष तैयारी की है। उपायुक्त के निर्देश पर 15 और 16 नवंबर को देवघर एवं जसीडीह अवर प्रमंडल के अंतर्गत चार विद्युत नियंत्रण कक्ष संचालित किए जाएंगे। बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या या आपात स्थिति में लोग मुख्य नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 7479940525 और 7463972204 पर संपर्क कर सकते हैं। सभी नियंत्रण कक्षों में कर्मचारियों की तैनाती तीन पालियों में की गई है। पहली पाली सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक, दूसरी पाली दोपहर दो बजे से रात दस बजे तक और तीसरी पाली रात दस बजे से सुबह छह बजे तक संचालित होगी। पर्व के दौरान निर्बाध सेवा बनाए रखने के लिए सभी अभियंताओं और कर्मचारियों की छुट्टियां बिना पूर्व अनुमति रद्द कर दी गई हैं। इसके अलावा सुरक्षा और बेहतर रोशनी की व्यवस्था के लिए 15 नवंबर को दोपहर तीन बजे से पूजा समाप्ति तक जिले के 21 छठ घाटों पर बिजलीकर्मियों की विशेष तैनाती रहेगी। नियंत्रण कक्षों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। राजाबाग और कास्टर टाउन नियंत्रण कक्ष के प्रभारी राजेंद्र प्रसाद चौधरी (9430721220), बैजनाथपुर के प्रभारी लव कुमार (9431135865) और जसीडीह नियंत्रण कक्ष के प्रभारी डेविड हांसदा होंगे।


एसपी ने छठ घाटों पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

संवाददाता

देवघर । पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने छठ पर्व के मद्देनजर थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की भीड़ का सुव्यवस्थित प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और आपातकालीन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को पर्व के दौरान सतर्क रहने और सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम माहौल मिल सके। इस मौके पर एसडीपीओ कुलदीप कुमार, यातायात डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



कवि गजानन माधव की जयंती मनी



मधुपुर । शहर भेड़वा नावाडीह स्थित राहुल अध्ययन केन्द्र में प्रगतिशील, जनवादी व क्रांतिकारी कवि गजानन माधव मुक्तिबोध की जयंती पर याद किए गए । मौके पर उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये. मौके पर जनवादी लेखक संघ के प्रांतीय सह सचिव, कलमकार धनंजय प्रसाद ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि आधुनिक हिंदी साहित्य के इतिहास में निराला के बाद मुक्तिबोध ही एकमात्र ऐसे कवि हैं, जिनका जीवन और कविता एक दूसरे जुड़े हुए हैं.

नहाय खाय व्रत आरंभ, खरना आज



मधुपुर । सूर्योपासना चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ. व्रती महिलाओं ने पर्व के निमित्त गेहूं को नियम निष्ठा के साथ सुखाया. मालूम हो कि छठ पर्व में नियम, धर्म, पवित्रता व शुद्धता का विशेष ख्याल रखा जाता है. इससे पूर्व नहाय खाय के दिन मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ियां जोड़ कर अरवा चावल का भात व कद्दू की सब्जी व्रतियों द्वारा बनाया गया. व्रतियों द्वारा चावल व कद्दू की सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया. इसके बाद घर के सदस्यों ने उसी थाली में खाकर प्रसाद पाया. छठ पर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना मनाया जायेगा. देर रात खरना का प्रसाद खाने के साथ ही व्रती महिलाओं 34 घंटे का निर्जल व निराहार व्रत प्रारंभ हो जायेगा, जिसकी तैयारी में हिंदू श्रद्धालु तन मन से जुट चुके हैं. शहरी क्षेत्र में मिट्टी के चूल्हे व आम के सूखे लकड़ियों की खरीदारी हुई. खरना का पवित्र प्रसाद इसी चूल्हे पर बनेगा. इधर खरना की तैयारी को लेकर बाजार में सुबह से ही चहल पहल बनी रही. दूध, घी, चीनी, अरवा चावल सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की बिक्री परवान पर रही।

झारखंड स्थापना दिवस पर देवघर में निकलेगी रन फॉर स्वच्छता मैराथन

देवघर संताल एक्सप्रेस । झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने और छठ महापर्व को लेकर जलाशयों एवं घाटों को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से देवघर नगर निगम की ओर से 15 नवंबर को 'रन फॉर स्वच्छता मैराथन एवं विशेष स्वच्छता अभियान' का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित यह अभियान रविवार की सुबह 6:30 बजे शुरू होगा। स्वच्छता मैराथन का शुभारंभ इंडोर स्टेडियम से होगा, जो निर्धारित मार्ग से होते हुए जलसार तालाब पहुंचेगी। इसमें महापौर, उपमहापौर, नगर आयुक्त सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारी शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। वहीं, छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर के पांच प्रमुख जलाशयों एवं घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इनमें जलसार तालाब, शिवगंगा तालाब, नंदन पहाड़ तालाब, मंगल तालाब तथा डढ़वा नदी घाट शामिल हैं।

फर्जी एपीके फाइल से साइबर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

देवघर । साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवघर पुलिस ने शुक्रवार को सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र से दो कथित साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों पर फर्जी एपीके फाइल और मोबाइल नंबरों के जरिए सरकारी योजनाओं के नाम पर लोगों को झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करने का आरोप है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग आरटीओ चालान, पीएम किसान योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर फर्जी एपीके फाइल भेजकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से मिले मोबाइल फोन और सिम कार्ड की प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी से जुड़े साक्ष्य मिलने की बात सामने आई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जरका चंदना निवासी पवन मंडल (36), पिता स्वर्गीय रामजीवन मंडल और भीखोडीह निवासी राहुल कुमार मंडल (29), पिता राजनारायण मंडल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पवन मंडल पूर्व में साइबर थाना कांड संख्या 52/2023 में आरोप पत्रित हो चुका है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर तथा साइबर अपराध के वरीय पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के मार्गदर्शन में की गई। छापेमारी दल में सोनारायठाढ़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार दांगी, सहायक अवर निरीक्षक तबरेज अंसारी और थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे।




मंजू देवी 31 वर्षों से कर रही हैं छठ व्रत, कठिन परिस्थितियों में भी नहीं डिगा आस्था का विश्वास

बीमारी और पैरों में चोट के बावजूद निभाई छठ की परंपरा, संतान प्राप्ति की कामना से शुरू किया था व्रत

संवाददाता

देवघर । कुंडा मोड़ के समीप हथगढ़ कॉलोनी निवासी 63 वर्षीय मंजू देवी पिछले करीब 31 वर्षों से पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ छठ व्रत कर रही हैं। उनके पति अजय कुमार सिंह हैं। परिवार में छठ पूजा की परंपरा वर्ष 1995 से चली आ रही है। उन्होंने बड़े बेटे की प्राप्ति की कामना और पुश्तैनी परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस कठिन व्रत की शुरुआत की थी। उस समय परिवार में लंबे समय से संतान नहीं हो रही थी। छठी मैया के प्रति अटूट विश्वास के साथ उन्होंने व्रत शुरू किया। आज उनका परिवार खुशहाल है। उनके तीन बेटे हैं और सभी अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित हैं। एक बेटा दिल्ली में नौकरी करता है, दूसरा निजी शिक्षक है, जबकि तीसरा व्यवसाय से जुड़ा है। मंजू देवी के लिए छठ का सफर हमेशा आसान नहीं रहा। कई बार खराब स्वास्थ्य के कारण उनके मन में व्रत छोड़ने का विचार आया। एक बार पैरों में क्रैक और चोट होने के बावजूद उन्होंने छठ व्रत किया। बीमारी के कारण कई बार लगा कि शायद अब यह कठिन अनुष्ठान कर पाना संभव नहीं होगा, लेकिन छठी मैया के प्रति विश्वास ने उन्हें हर बार हिम्मत दी।



---

36 घंटे की कठिन साधना में अनुशासन

36 घंटे के निर्जला व्रत के दौरान वह पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ पूजा की तैयारियों में जुटी रहती हैं। नहाय-खाय से लेकर खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य तक हर परंपरा का पालन करती हैं। इस दौरान खानपान, पूजा सामग्री की शुद्धता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखती हैं। परिवार के सदस्य भी इस कठिन अनुष्ठान में उनका सहयोग करते हैं। छठ से जुड़ी उनकी सबसे भावुक याद संतान प्राप्ति से जुड़ी है। लंबे इंतजार के बाद जब उनके घर बच्चे का जन्म हुआ तो वह भावुक हो उठीं। उनके लिए यह पल छठी मैया के प्रति आस्था और विश्वास को और मजबूत करने वाला रहा। मंजू देवी का कहना है कि विश्वास से बड़ी कोई चीज नहीं है। छठी मैया सभी की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। युवा पीढ़ी को भी अपनी परंपराओं और आस्था से जुड़े रहना चाहिए। उनके अनुसार, कठिनाइयां कितनी भी आएं, सच्चे मन से की गई पूजा और विश्वास इंसान को हिम्मत देता है।

महेशमारा हॉल्ट से बदलेगी क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी छह महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। महेशमारा में रेलवे हॉल्ट का निर्माण शुरू होने से देवघर के आसपास के ग्रामीण इलाकों की रेल कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद जगी है। करीब 1.86 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस हॉल्ट से एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े ने इसे गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे की पहल का परिणाम बताते हुए उनके प्रति आभार जताया है। डॉ. सुनील खवाड़े ने बताया कि महेशमारा में रेलवे हॉल्ट निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। उनकी मांग पर सांसद निशिकांत दुबे ने 27 अप्रैल 2025 को इसकी आधारशिला रखी थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी उम्मीद पूरी होती दिख रही है। हॉल्ट चालू होने पर देवघर से दुमका, गोड्डा और बांका की ओर जाने वाली ट्रेनों के ठहराव का रास्ता खुलेगा।



इससे स्थानीय यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए देवघर, बैद्यनाथधाम या जसीडीह स्टेशन तक जाने की जरूरत कम होगी। इसका लाभ महेशमारा, बंधा, मलहारा, ठाढ़ी, आमगाछी, विशनपुर, सिंगारडीह, बैजनाथपुर, रामपुर, कुंडा, करनीबाद और बिलासी समेत आसपास के कई गांवों को मिलेगा। डॉ. खवाड़े के अनुसार, हॉल्ट शुरू होने से बैजनाथपुर चौक पर यात्रियों की आवाजाही का दबाव भी कम हो सकता है। इससे क्षेत्र में छोटे कारोबार और रोजगार के नए अवसर विकसित होने की संभावना है। डॉ. सुनील खवाड़े ने बताया कि हॉल्ट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और सांसद निशिकांत दुबे इसकी प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। यहां प्लेटफॉर्म, यात्री शेड, टिकट काउंटर, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, सूचना बोर्ड और सुरक्षित आवागमन जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। निर्माण कार्य अगले छह महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शुरुआती चरण में यहां पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव प्रस्तावित है। यात्रियों की संख्या और जरूरत को देखते हुए भविष्य में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर भी विचार किया जा सकता है। हॉल्ट के चालू होने से न केवल रेल यात्रा आसान होगी, बल्कि महेशमारा और आसपास के गांवों की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।

साहिबगंज में छठ शुरू, लोगों ने भगवान सूर्य का पूजन कर किया प्रसाद के रूप में कद्दू-भात ग्रहण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज -साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नेम निष्ठा कि महापर्व छठ शुक्रवार को कद्दू भात से शुरू हो गया है. शुक्रवार को साहिबगंज के जिन घरों में छठ पूजा हो रही है उन घरों में शुद्धता व नेम निष्ठा के साथ प्रसाद के रूप में कद्दू भात बना कर छठव्रती भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर प्रसाद के रूप में कद्दू भात चढ़ाई.इसके बाद परिवार के लोगो ने प्रसाद के रूप में कद्दू भात ग्रहण किया.साथ ही आस-पास के लोगों को आमंत्रित कर प्रसाद खिलाया गया. नहाय-खाय के प्रसाद को लेकर लोगों में विशेष श्रद्धा देखने को मिली. इस परंपरा के माध्यम से परिवार और पड़ोस के लोग भी महापर्व की शुरुआत में शामिल हुए.वही शनिवार को खरना, रविवार को पहवा अर्घ्य एवं सोमवार को दुसरा अर्घ्य के साथ छठ पर्व संपन्न हो जाएंगा.

चार दिनों तक निभाये जाएंगे छठ के कठिन नियम -छठ महापर्व में नहाय-खाय के साथ ही छठव्रती सात्विक भोजन ग्रहण कर कठिन अनुष्ठान की शुरुआत करती हैं. इस दिन से व्रत के समापन तक घरों में स्वच्छता, पवित्रता और निर्धारित नियमों का विशेष ध्यान रखा जाता है. साहिबगंज में भी नहाय-खाय के साथ छठ की तैयारियां और धार्मिक गतिविधियां शुरू हो गयी हैं.बजारों में रौनक बढ़ गई है.लोग छठ पर्व की समानों की खरीदारी जम कर करने में जुटे हैं. चार दिवसीय लोक आस्था नेम निष्ठा सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा के प्रथम दिन नहाय खाय कद्दू भात को लेकर सब्जी मंडी में काफी चहल पहल रही. सुबह से कद्दू और सब्जी खरीदने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी थी. कद्दू सुबह 100 रुपया प्रति पीस से अब 200 रुपया प्रति पीस तक बिका. स्थानीय दियारा से कद्दू नहीं आने से इस वर्ष कद्दू बिहार के अम्मापाली, मिर्जाचौकी, पीरपैंती, शिवनारायणपुर एवं पश्चिम बंगाल से कद्दू लाया गया था. सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन ने किया पांच गंगा घाटों को प्रतिबंधित साहिबगंज -जिला प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सूचना जारी कर इस वर्ष छठ पर्व पर साहिबगंज नगर के पांच गंगा घाटों को आम लोगों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है.जारी सूचना में कहा गया है कि इस वर्ष छठ का महापर्व दिनांक 15.11.2026 से 16.11.2026 तक मनाये जाने की सूचना है. दिनांक- 15.11.2026 को संध्या में सूर्यास्त के समय पहला अर्घ्य एवं दिनांक -16.11.2026 को प्रातः में सूर्योदय के समय दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा.

दुष्कर्म के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

साहिबगंज -जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में आदिम जनजाति समुदाय की महिला के साथ हुई दुष्कर्म के मामले में जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी फरार चल रहे थे. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार देर शाम दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपी संजय पहाड़िया ग्राम पचरुखी एवं छोटू पहाड़िया ग्राम जोंकमारी निवासी है.थाना पुलिस के अनुसार उक्त दोनों आरोपी के विरुद्ध एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाई थी. इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 214/26 दर्ज कर मामले की जांच एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही थी.गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है.इस मामले में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में दोनों आरोपी फरार चल रहा था.गुप्त सूचना के आधार पर दोनो आरोपी को गिरफ्तार की है.

बरहेट में मारपीट के तीन मामले दर्ज, चौकीदार के साथ मारपीट व छिनतई की प्राथमिकी

बरहेट- बरहेट थाना में मारपीट एवं छिनतई से संबंधित तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. कांड में पहाड़पुर निवासी पाडू किस्कू ने सीताराम टुडू, बाबूलाल टुडू एवं जमीन टुडू पर मारपीट का आरोप लगाया है.दूसरी प्राथमिकी कांड के तहत् बास्को संथाली निवासी सिमोन सोरेन ने गांव के ही अशोक सोरेन एवं सुनील सोरेन के विरुद्ध मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है.वहीं कांड में चौकीदार भीमा पहाड़िया ने पहाड़पुर के लच्छू मरांडी, चूड़का मरांडी एवं सुभान मरांडी के खिलाफ मारपीट एवं छिनतई की प्राथमिकी दर्ज कराई है.उन्होंने आरोप लगाया है कि 11 नवंबर को दोपहर दो बजे पहाड़पुर पहुंचने पर तीनों ने उनके साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया तथा चांदी की चेन, छह भरी चांदी का माला और 25 हजार रुपये छीनकर फरार हो गए. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

बरहेट में सघन वाहन जांच अभियान, 22 वाहनों का चालान कर 43,000 वसूला जुर्माना

साहिबगंज - साहिबगंज जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आमजनों की सुरक्षा के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आइंद के निर्देशानुसार बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत विशेष वाहन जांच अभियान संचालित किया गया. अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया सहित विभिन्न प्रकार के कुल 41 वाहनों की जांच की गई. जांच के क्रम में यातायात नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 22 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए कुल 43,000 रूपया का जुर्माना वसूला गया.अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय आवश्यक सावधानियां बरतने के प्रति जागरूक किया गया.मौके पर मोटरयान निरीक्षक कुमार उत्कर्ष, थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, अन्य पुलिस बल के जवान उपस्थित थे.

मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

साहिबगंज - जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सकरोगढ़ मोहल्ला में छापामारी कर मारपीट करने के मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.पुलिस के अनुसार आरोपी पर मारपीट कर एक व्यक्ति को घायल करने का आरोप है.इस मामले को लेकर पीड़ित के ब्यान पर जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या 228/26 दर्ज किया गया था.इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सकरोगढ़ निवासी विकास चौधरी के रूप में हुई है. पुलिस उसे पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

राजमहल में वाहन जांच के दौरान बस से कुल 23 मोबाइल बरामद, महिला हिरासत में

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज- राजमहल पुलिस ने राजमहल में बस से 37 महंगे मोबाइल बरामद किया हैं.साथ ही पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों को हिरासत में लिया है.इस मामले को लेकर शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को 13 नवंबर को गुप्त सूचना मिली कि रांची से राजमहल आ रही सानिया बस में एक महिला चोरी के मोबाइल के साथ सफर कर रही है. सूचना के सत्यापन के बाद राजमहल एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया. पुलिस टीम ने जेल मोड़ पेट्रोल पंप के पास वाहन जांच अभियान चलाया .इसी दौरान सानिया बस के पहुंचने पर बस को रोककर महिला पुलिस पदाधिकारी ने एक महिला यात्री की गहन तलाशी ली. महिला के पास मौजूद खाकी रंग के थैले से 14 मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है. महिला मोबाइल से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सकी. पूछताछ में महिला ने बताया कि चोरी के मोबाइल उसे गोड्डा जिले के बोआरीजोर निवासी सुनील कुमार एवं साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर निवासी वीरू नोनिया उपलब्ध कराते हैं.इन मोबाइल को पूर्व निर्धारित स्थान पर बेचने के लिए पहुंचाती थी.

बम काली मंदिर में भक्ति जागरण में भगवान शिव और मां काली तांडव देखने उमड़ी भीड़



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - नगर के गुल्लीभट्ठा मुहल्ला स्थित बम काली मंदिर परिसर में बम कालु पूजा समिति के द्वारा गुरुवार की रात नौ बजे से भक्ति जागरण कार्यालय का आयोजन किया गया. मौके पर उत्तर प्रदेश के कानपुर से आये रजत जहरीला एंड ग्रुप के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की.उसके बाद गणपति बप्पा मोरया...,राधा पल्लू से मुझे बांध लो.....,मां काली का तांडव, भगवान शिव एवं अघोड़ी का तांडव सहित देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया.मौजूद महिला, पुरुष व बच्चों ने जम कल कार्यक्रम का लुत्फ उठाया.

पूर्व रेलवे

चिठी संख्याः O-AC-T-165-26-27 (खुला ठिका), माहितः 10.11.2026। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंड स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी बाखरा खुला ई-ठिका नेवतायेत् काना। **क्रम संख्याः 1। प्रकरण संख्याः O-AC-T-165.26.27।** कामी रेयाक् जुतुमः वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा रे जुदा-जुदा जायगाको रे ठिकादाराक् मोबाइल लैश बट वेल्डिंग संयंत्र दाराय ते 60 किग्रा/52 किग्रा **(90/72 UTS,R-260)**, रेल रेयाक् लैश बट वेल्डिंग कामी (नवां रेल/एसएच/एएसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर)। **ठिका रेयाक् मोट पूंजीः** रु. 1,11,95,875.80। **धरोहर पायसाः** रु. 2,23,900.00। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो **ठिका जामाय रेयाक् मुचात् तारीक आर सोमोयः** 07.12.2026 हिलोक् तिकिन 12:00 बजे हाबिच्। ठिका बाबोत रे पुराउ बाडाय लागित् दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ। **ASN-315/2026-27**

ठिका खोबोर दो लातार रे ओलाकान वेबसाइटकिन रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

आवासीय योजना लाभुकों को कराया गृह प्रवेश

राजमहल- राज्य स्थापना दिवस के पूर्व शुक्रवार को राजमहल प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत में आवास योजना अंतर्गत पूर्ण किए गए. आवासों का गृह प्रवेश प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूसुफ के द्वारा कराया गया.इस गृह प्रवेश के तहत् पंचायत गुणिहारी में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूसुफ, मुखिया सुखवा उरांव , पंचायत सचिव मो शाहजहां अंसारी, आवास के को ऑर्डिनेटर रवि कांत रवि, पंचायत समिति सदस्य बुल्लु महतो, वहीं पंचायत समसपुर में प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव, और जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष मो अनिसुर रहमान सहित पंचायत की मुखिया , सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. राजमहल प्रखंड अंतर्गत कुल 480 आवास का गृह प्रवेश किया जाएगा.

छठ घाटों के विकास एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा


संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला गंगा समिति की बैठक हुई .बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे.बैठक में गंगा नदी के तटों के संरक्षण, छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए अतिरिक्त घाटों के विकास तथा पर्यावरण अनुकूल पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई.छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या एवं उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में अतिरिक्त छठ घाटों के विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया. इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर नमामि गंगे परियोजना को भेजने का प्रस्ताव पारित किया गया. ताकि घाटों का विकास कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें.साहिबगंज शहरी क्षेत्र में गंगा नदी के कटाव से तटीय क्षेत्रों की सुरक्षा के मद्देनजर बिजली घाट से ओझा टोली घाट तक लंबित तट संरक्षण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया. संबंधित कार्यो में तेजी लाकर तटों को कटाव से सुरक्षित करने की आवश्यकता बताई गई.वहीं बांसकोला रेलवे लाइन के समीप गंगा नदी के कटाव से रेलवे अवसंरचना एवं आसपास के क्षेत्रों को संभावित खतरे से बचाने के लिए पूर्व में किए गए अस्थायी कटाव निरोधक कार्यों के अतिरिक्त व्यापक एवं स्थायी तट संरक्षण कार्य कराने पर भी चर्चा की गई. के उद्देश्य से गैर-मोटर चालित नौकाओं के परिचालन की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया. इस पहल का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ जलीय जीवों, विशेषकर गंगा डॉल्फिन के प्राकृतिक आवास एवं पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखना है. पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया.बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, नगर प्रशासक साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह, नगर पंचायत प्रशासक राजमहल दानिश हुसैन, नमामि गंगे परियोजना जिला समन्वयकसहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

चुनावी पाठशाला प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित




साहिबगंज - मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम -2026 के तहत् मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने एवं भावी मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया तथा निर्वाचन संबंधी जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय राजमहल में राजमहल विधानसभा स्तरीय ईसीआई चुनावी पाठशाला प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में राजमहल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन प्रखंडों राजमहल, उधवा एवं साहिबगंज के कुल 19 चयनित प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.इलेक्ट्रॉल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था से संबंधित कुल 25 प्रश्न पूछे गए. प्रतिभागियों को प्रश्नों के उत्तर देने के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया था.प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी देश के भावी मतदाता हैं. इस प्रकार के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से न केवल निर्वाचन प्रक्रिया की बेहतर समझ विकसित होती है. बल्कि समाज में भी मतदाता जागरूकता का सकारात्मक संदेश पहुंचता है.उन्होंने कहा कि जब भावी पीढ़ी जागरूक होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी रुचि एवं सहभागिता सुनिश्चित करती है, तो इससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनता है.

दो दिवसीय अंतरराज्य खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - टाइगर एथलेटिक्स क्लब सकरीगली साहिबगंज के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय अंतरराज्य 61वां बाल दिवस खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का आयोजन महिला एवं पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ के साथ शुक्रवार को शुरू हुआ. महिला एवं पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाकर मुख्य अतिथि पूर्व उपप्रमुख तालझारी प्रखंड प्रदीप कुमार सिंह उर्फ लड्डू सिंह ने उदघाटन किया. वहीं रेलवे मैदान सकरीगली में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, डिस्कस, भाला फेंक समेत विभिन्न स्पर्धा का आयोजन किया गया. जिसमें पश्चिम बंगाल, बिहार समेत झारखंड के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी भाग लिया.इस अवसर पर आयोजन समिति के माधवचंद्र घोष, अशोक साहनी, योगेश यादव,गौतम, रजाउद्दीन, मनीष कुमार, आशीष रंजन, गौतम यादव, गौतम मंडल, रामदेव यादव, हीरालाल यादव, छोटू यादव, राजन कुमार, राजदेव यादव, सुष्मित रंजन, जॉन्स, राम लक्ष्मण यादव , सौरभ मंडल, अमन कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे. परिणामक्रॉस कंट्री पुरुष वर्ग 7 किलो मीटर **प्रथम** - राजन महतो द्वितीय - आलोक कु. यादव दोनों बिहार **तृतीय** - जानकी कुमार झारखंड क्रॉस कंट्री महिला वर्ग 4 किलो मीटरप्रथम - पूजा सिंह द्वितीय - खुशी कुमारी तृतीय - अंगूरी कुमारी तीनों बिहार

लोगों ने कद्दू भात का प्रसाद किया ग्रहण,छठ पर्व की तैयारी अंतिम चरण में



तीनपहाड़ - नेम निष्ठा का महान पर्व छठ की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है. छठ को लेकर घाटों का साफ सफाई के बाद उसे रंग बिरंगे लाइटों से सजाया जा रहा है. डिजिटल लाइट से गेट बनाया जा रहा है. वही छठ को लेकर तीनपहाड़ बाजार में फलों की खरीदारी लोगो द्वारा जम खर की जा रही है.वही शुक्रवार को तीनपहाड़ बाजार में 50 रुपया से लेकर 100 रुपये तक कद्दू की खरीदारी लोगो ने की. इसके अलावे कई जगह फलों की दुकानों को सजाया गया है. जहां लोग फल की खरीदारी कर रहे है. नेम निष्ठा का पर्व छठ पर खरना के बाद व्रती उपवास रखेगी.वही रविवार को भगवान सूर्य को पहला अर्ध दिया जाएगा और सोमवार को दूसरा अर्ध दिया जाएगा. इसके बाद छठ पर्व सम्पन्न हो जाएगा. वही पर्व को लेकर बाजार में काफी चहल पहल दिख रहा है .

मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित

साहिबगंज - मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को व्यापक स्वरूप प्रदान करने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बरहेट विधानसभा स्तर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. बरहेट प्रखंड सभागार में आयोजित इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 03-बरहेट (अ0ज0जा0) सह अपर समाहर्ता विजय कुमार ने की.प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में चयनित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया. प्रतिभागियों ने निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची, मतदाता पंजीकरण एवं निर्वाचन आयोग की विभिन्न सुविधाओं से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से अपनी जानकारी एवं समझ का प्रदर्शन किया.

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चुनावी पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी जानकारी से अवगत कराना,ईसीआई नेट की उपयोगिता एवं उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करना तथा सभी योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के महत्व को समझाना था. इसके साथ ही विद्यार्थियों को मताधिकार के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया.मौके पर अपर समाहर्ता विजय कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक योग्य नागरिक की निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी एवं मतदाता सूची में उसके नाम के पंजीकरण पर निर्भर करती है. उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने एवं अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करें.उल्लेखनीय है कि मतदाता जागरूकता को लेकर आयोजित यह प्रतियोगिता तीन चरणों में संचालित की जा रही है. इसके प्रथम चरण में प्रखंड स्तर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी. जिसमें सफल एवं चयनित छात्र-छात्राओं ने आज विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

दुमका समाहरणालय, जिला भू–अर्जन शाखा

समाहर्त्ता या समुचित सरकार

–:अधिघोषणाः–

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–2311/जि0भू0अ0 दुमका, दिनांक–11.11.2026

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना सरैयाहाट–सुंबेश्वरनाथ मंदिर पहुँच पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना हेतु मौजा–धौनी, थाना संख्या–22, थाना–सरैयाहाट, अंचल–सरैयाहाट, जिला–दुमका में कुल–4.334 एकड़ यानि 1.754 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 4.334 एकड़ यानि 1.754 हेक्टेयर है और जो मौजा–धौनी, थाना संख्या–22, थाना–सरैयाहाट, अंचल–सरैयाहाट, जिला–दुमका में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

क्र. स.	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	04	92	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.042	विद्याधर पाठक माता– सोभा देवी वो नरेन्द्र पाठक वो देवेन्द्र पाठक वो मिथिलेस पंडा पिता– जूठन पंडा वो निर्मल पाठक वो प्रहलाद पाठक वो रसेन्द्र पाठक पिता– मिठन पंडा वो पावस पाठक वो शरद पाठक पिता– दिनेष पाठक वो हेमन्त पाठक वो सुमन्त पाठक वो दुष्यंत पाठक पिता– शिवषंकर पंडा वो मुकेष पाठक वो रूपेष पाठक पिता– अर्जुन पंडा।	2	75	रास्ता	78
2	04	100	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.105		101	99	102	93
3	06	74	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.04	बद्रीप्रसाद पंडा पिता– कीरतानन्द पंडा।	75	412	रास्ता	73
4	06	94	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.09		99	409	95	रास्ता
5	07	99	ज0 रै0	बाग आम	0.076	विद्याधर पाठक माता– सोभा देवी वो नरेन्द्र पाठक वो देवेन्द्र पंडा वो मिथिलेस पंडा पिता– जूठन पंडा वो निर्मल पाठक वो प्रहलाद पाठक वो रसेन्द्र पाठक पिता– मिठन पाठक वो पावस पाठक वो शरद पाठक पिता– दिनेष पाठक वो हेमन्त पाठक वो सुमन्त पाठक वो दुष्यंत पाठक पिता– शिवषंकर पंडा वो मुकेष पाठक वो रूपेष पाठक पिता– अर्जुन पंडा वो रामचन्द्र पंडा वो अनिल पंडा वो रविनद्र पंडा पिता– प्रयाग पंडा वो काषीनाथ पाठक पिता– चंद्रषेखर पंडा वो चतुर्भुज पंडा वो बालमुकुन्द पंडा वो बिमलेष पंडा वो देवानन्द पंडा पिता– सर्वेष्वर पंडा वो अभिषेक पाठक पिता– विनय पाठक वो सुनील पाठक पिता– आदित्य नारायण पंडा वो बद्रीप्रसाद पंडा पिता– किरतानंद पंडा वो संजीव पंडा वो विकास पंडा वो नीरज पंडा पिता– विष्वनाथ पंडा वो प्रद्युमन नारायण पंडा पिता– थुको पंडा वो शंकर पंडा पिता– जगदीष पंडा वो मानस पंडा पिता– केदार पंडा वो मुकुल पाठक पिता– मृदुल पंडा वो नवीन पाठक वो खुषीभूषण पाठक पिता– जयकुमार पंडा	100	94	103	रास्ता
6	07	101	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.533		2	376	114	2
7	21	403	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.023	मिनी मिश्रा पिता– चन्द्रमणि मिश्रा वो गुड्डू मिश्रा वो बाडू मिश्रा पिता– सतीष मिश्रा वो दिनेष मिश्रा पिता– रासबिहारी मिश्रा वो भरत भूषण पाठक वो अभिषेक भूषण पाठक पिता– फणिभूषण पंडा वो रंजना उपाध्याय वो साधना पाठक वो वन्दना पाठक पिता– गोरीषंकर पाठक वो नीलमणि मिश्रा माता– राधा देवी वो दिलीप उपाध्याय वो दीपक उपाध्याय वो दिनेष उपाध्याय वो दिग्विजय उपाध्याय पिता– दिगम्बर उपाध्याय वो राजेष कुमार पाठक वो भवेष कुमार पाठक वो रोषन कुमार पाठक वो शैलेन्द्र कुमार पाठक पिता– प्रेमचन्द्र पंडा वो सच्चिदानन्द मिश्रा माता– लक्ष्मी देवी वो मणिकान्त पाठक वो बैजनाथ पाठक वो छविकान्त पाठक माता– रूकमणि देवी।	रास्ता	404	403	रास्ता
8	21	404	ज0 रै0	बाग आम	0.114		रास्ता	रास्ता	403	रास्ता
9	21	405	ज0 रै0	बाग आम	0.084		409	रास्ता	408	रास्ता
10	21	409	ज0 रै0	बाशवारी	0.019		94	405	396	रास्ता
11	21	451	ज0 रै0	बाशवारी	0.106		411	452	रास्ता	450
12	21	452	ज0 रै0	बाग आम	0.105		451	464	रास्ता	465
13	21	463	ज0 रै0	बाग आम	0.118		रास्ता	558	462	रास्ता
14	21	464	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.069		452	रास्ता	रास्ता	465
15	21	465	ज0 रै0	धानी सेम	0.003	मिनी मिश्रा पिता– चन्द्रमणि मिश्रा वो गुड्डू मिश्रा वो बाडू मिश्रा पिता– सतीष मिश्रा वो दिनेष मिश्रा पिता– रासबिहारी मिश्रा।	452	933	464	466
16	28	630	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.041	एतवारी मांझी वो जालीम मांझी (आ.टी.)	628	सीवाना	631	रास्ता
17	40	524	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.096	बैदेही चरण पाठक माता– पार्वती चरण पाठक वो दुर्गा चरण पाठक पिता– वृन्दावन पंडा वो भैरवी देवी पिता– प्रयागनारायण पंडा।	521	525	रास्ता	524
18	40	628	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.133		627	629	621	रास्ता
19	40	525	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.035	दीपक पाठक वो आलोक पाठक वो गौतम कुमार पाठक पिता– विज्ञानेष्वर पंडा वो प्रेमलता पाठक पति– गोकुल प्रसाद पाठक वो महेष प्रसाद पाठक पिता– कामेष्वर पंडा वो मदन मोहन पाठक वो सदन मोहन पाठक वो उदय मोहन पाठक वो अनिल मोहन पाठक वो लालमोहन पाठक वो सुषील मोहन पाठक पिता– नागेष्वर पंडा वो हर्षित अनंत पिता– आगम रंजन वो संगम रंजन पिता– राजकुमार पंडा वो प्रज्ञा कुमार पाठक वो आज्ञा कुमार पाठक पिता– मनमथ पंडा वो विभा पाठक पति– संज्ञा कुमार पाठक वो निधिकांत वो सुभाष कुमार वो नीरज कुमार वो प्रकाष पाठक वो अष्विनी कुमार पाठक पिता– पन्नालाल पाठक वो प्यारेलाल पाठक वो छोटेलाल पाठक वो हीरालाल पाठक पिता– शन्तलाल पंडा।	524	526	रास्ता	524
20	40	626	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.164		623	627	621	रास्ता
21	40	627	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.215		626	628	621	रास्ता
22	40	529	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.072	दीपक कुमार मिश्रा पिता– विभूति भूषण मिश्रा।	526	530	रास्ता	527
23	40	530	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.115		529	535	रास्ता	531
24	40	546	ज0 रै0	धानी सेम	0.013	अमरेन्द्र कुमार पाठक वो पवन कुमार पाठक वो रमन कुमार पाठक पिता– अवध किषोर पंडा वो दिवाकर पाठक वो प्रदीप कुमार पाठक पिता– प्रभाकर पंडा वो अंजुलता देवी पिता– बेनी पंडा वो अक्षय पाठक पिता– बालमुकुन्द पाठक वो गौरव कुमार पाठक पिता– प्रवीण पाठक वो सीताराम पाठक पिता– मनुलाल पंडा वो बिपीन किषोर पाठक वो बिमल कुमार पाठक वो आनंद किषोर पाठक वो विवाकानंद पाठक वो सुबोल कुमार पाठक वो हरिबोल पाठक पिता– गिरीषचन्द्र पंडा वो कमल किषोर पाठक वो दीपक पाठक पिता– कौषल किषोर पाठक।	933	545	रास्ता	544
25	40	548	ज0 रै0	धानी सेम	0.028		547	547	547	रास्ता
26	40	549	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.135		रास्ता	547	550	रास्ता
27	40	549/933	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.218		464	रास्ता	रास्ता	नीज
28	40	605	ज0 रै0	धानी सेम	0.037	मनीष कुमार पाठक वो अभिषेक कुमार पाठक पिता– विष्णु प्रसाद पाठक वो श्यामसुंदर पाठक वो मनमोहन पाठक वो जुगल किषोर पाठक पिता– कैलाष पाठक वो मनोरमा देवी पति– सोनालाल पाठक।	रास्ता	603	662	606
29	40	526	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.098	विजयकृष्ण पाठक पिता– हलधर पाठक वो अविनाष कुमार पाठक पिता– वंषीधर पाठक।	525	529	रास्ता	528
30	40	538	ज0 रै0	पीन्ड आर	0.056		540	रास्ता	544	486
31	40	629	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.189		628	630	621	रास्ता
32	40	607	ज0 रै0	सहन	0.091	बिनय शंकर पंडा पिता– सहदेव पंडा वो जयषंकर पंडा वो अभयषंकर पंडा वो रमाषंकर पंडा पिता– योगेन्द्र पंडा वो प्रणवशंकर पंडा वो कृपाषंकर पंडा पिता– भोलानाथ पंडा वो अवधेष पंडा पिता– महावीर पंडा।	606	610	608	रास्ता
33	40	611	ज0 रै0	धानी सेम	0.041		610	621	612	रास्ता
34	40	623	ज0 रै0	बाग आम	0.184	बिनय शंकर पंडा पिता– सहदेव पंडा वो जयषंकर पंडा वो अभयषंकर पंडा वो रमाषंकर पंडा पिता– योगेन्द्र पंडा वो प्रणवशंकर पंडा वो कृपाषंकर पंडा पिता– भोलानाथ पंडा वो अवधेष पंडा पिता– महावीर पंडा वो मनीष कुमार पाठक वो अभिषेक कुमार पाठक पिता– विष्णु प्रसाद पाठक वो श्यामसुंदर पाठक वो मनमोहन पाठक वो जुगल किषोर पाठक पिता– कैलाष पाठक वो मनोरमा देवी पति– सोनालाल पाठक।	621	626	624	रास्ता
35	54	411	ज0 रै0	धानी सेम	0.027	कैलाषपती पाठक पिता– श्रीकृष्ण पाठक वो लालमोहन पाठक पिता– महादेव पंडा वो गोपाल प्रसाद पाठक वो महेष्वर पाठक वो विकाष प्रसाद पाठक वो निरंजन कुमार पाठक वो विभूतिभूषन पाठक पिता– पूनित पंडा वो संतोष कुमार बेध्य वो विक्की वैध्य माता– विन्दू देवी वो इन्दू देवी वो मंजु देवी वो उषा देवी वो भारती देवी वो दीपू देवी पिता–स्व0 गोरेलाल पंडा।	412	451	रास्ता	413
36	54	412	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.138		74	411	रास्ता	414
37	40	518	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.12	बिनय शंकर पंडा पिता–स्व0 सहदेव पंडा वो जयषंकर पंडा वो अभयषंकर पंडा वो रामाषंकर पंडा पिता–स्व0 योगेन्द्र पंडा वो प्रणवषंकर पंडा वो कृपाषंकर पंडा पिता–स्व0 भोलानाथ पंडा वो अवधेष पंडा पिता–स्व0 महावीर पंडा।	517	रास्ता	रास्ता	515
38	40	521	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.039		रास्ता	524	रास्ता	520
39	40	517	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.045	मनीष कुमार पाठक वो अभिषेक कुमार पाठक पिता– विष्णुप्रसाद पाठक वो श्यामसुंदर पाठक वो मनमोहन पाठक वो युगलकिषोर पाठक पिता–स्व0 कैलाष पाठक वो मनोरमा देवी पति–स्व0 सोनालाल पाठक।	492	518	519	518
40	40	535	ज0 रै0	वाड़ी दो	0.364		530	सीवाना	रास्ता	534
41	40	606	ज0 रै0	धानी एक	0.113		606	609	603	604
				कुल रकवा –	4.334					

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।

मौजा–.......X......, थाना–.......X......, थाना सं0–.......X......, अंचल–.......X......, जिला–.......X......, रकवा– ....X......एकड़ जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/– उपायुक्त, दुमका।

PR 393792 Land Reforms(26-27)D

उलिहातू खो़न भाजपावाक् पदयात्रा एहो़प् एना, 15 नवंबर हिलोक् कोकर रेको उयह़ार आंजलेया बिरसा मुंडा

खोबोरिया



